नई दिल्ली
बुधवार, 27 दिसंबर 2023
पौष मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 27, अंक : 262
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 23
न्यून. 08

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## आज लाभार्थियों से पीएम मोदी करेंगे बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। इस अवसर पर पीएम उपस्थित जनों को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में देश भर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी, केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। 15 नवंबर, 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत के बाद से, प्रधानमंत्री ने पूरे देश में यात्रा के लाभार्थियों के साथ नियमित रूप से बातचीत की है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अब तक तीन बार (30 नवंबर, 9 दिसंबर और 16 दिसंबर) बातचीत हो चुकी है।

दूसरे सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले वैश्विक नेता ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सनोरा हैं, जिनके सिर्फ 64 लाख सब्सक्राइबर्स हैं, जो नरेंद्र मोदी यूट्यूब चैनल के एक तिहाई से थोड़ा कम है।

## मोदी ने दुनियाभर के नेताओं को पछाड़ा

# यूट्यूब पर 2 करोड़ हुए 'सब्सक्राइबर्स'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक और नई उपलब्धि हासिल कर ली है। दुनिया के सबसे पॉप्युलर नेताओं में से एक पीएम मोदी अब यूट्यूब पर 20 मिलियन (2 करोड़) सब्सक्राइबर्स हासिल करने वाले दुनिया के पहले राजनेता बन गए हैं। पीएम लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और यही एक बड़ी वजह है कि उनके फॉलोअर्स की संख्या में ऑनलाइन तेजी से इजाफा हो रहा है।

'द नरेंद्र मोदी चैनल' पीएम मोदी का आधिकारिक यूट्यूब चैनल है और यहां अलग-अलग टॉपिक, मुद्दों से जुड़ा कॉन्टेन्ट पोस्ट किया जाता है। न केवल भारत में पीएम ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया है, बल्कि सब्सक्राइबर्स की संख्या और वीडियो व्यूज के मामले में वह ग्लोबल लीडर्स में सबसे आगे निकल गए हैं। दुनिया के सबसे लोकप्रिय वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म पर मोदी एक सशक्त और पॉप्युलर हस्ती हैं और उनके वीडियोज को करोड़ों की संख्या में लोग देखते हैं। यूट्यूब चैनल पर सरकार से जुड़ी स्कीम और स्पीच के वीडियोज अपलोड किए जाते हैं। 'द नरेंद्र मोदी चैनल' लगातार इंगेजमेंट और व्यूअरशिप के मामले में दुनिया के दूसरे राजनेताओं के चैनल के बीच नए मानक स्थापित कर रहा है।







**यूट्यूब पर पीएम मोदी के चैनल पर 450 करोड़ वीडियो व्यूज आ चुके**

### सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं पीएम मोदी

*यूट्यूब के अन्य सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी काफी एक्टिव रहते हैं। एक्स पर उनके 94 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वहीं, इंस्टाग्राम में उनके 82 मिलियन से ज्यादा और फेसबुक पर 48 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। पीएम मोदी भले ही 2007 में यूट्यूब पर आ गए थे, लेकिन उन्होंने पहला वीडियो 4 साल बाद 18 मार्च 2011 में अपलोड किया था। ये वीडियो गुजरात बजट 2011-12 का था।*







## दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस पर पीएम मोदी ने युवाओं में जोश भरा

# जिसकी... 'प्रेरणा' जितनी बड़ी होगी, वह देश किसी भी 'लक्ष्य' को हासिल कर लेगा

पीएम ने कहा कि ये दिन याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के सामने कम आयु मायने नहीं रखती। वीर साहिबजादों से पूरा देश प्रेरणा ले रहा है।

*पीएम ने कहा कि जब तक हमने अपनी विरासत का सम्मान नहीं किया तब तक दुनिया ने भी हमारी विरासत को भाव नहीं दिया। आज जब हमने अपनी विरासत पर गर्व करना शुरू किया है तब दुनिया का नजरिया भी बदला है।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 'वीर बाल दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं में जोश भरा।



उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वीर बाल दिवस के रूप में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन याद दिलाता है कि शौर्य की पाराकाष्ठा के सामने कम आयु मायने नहीं रखती।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत उस कालखंड से गुजर रहा है, जो युगों-युगों में एक बार आता है। आज़ादी के इस अमृत काल में भारत के स्वर्णिम भविष्य को लिखने वाले अनेक फैक्टर एक साथ जुड़ गए हैं। आज भारत दुनिया के उन देशों में से है जो देश सबसे ज्यादा युवा देश है। इतना युवा तो भारत, अपनी आजादी की लड़ाई के समय भी नहीं था। जब उस युवाशक्ति ने देश को आजादी दिलाई, तो ये विशाल युवाशक्ति देश को जिस ऊंचाई पर ले जा सकती है, वो कल्पना से भी परे है। उन्होंने कहा कि जिस देश की प्रेरणा इतनी बड़ी होगी, उस देश के लिए किसी भी लक्ष्य को पाना असंभव नहीं है। इसलिए मेरा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### और, क्या बोले पीएम?

#### हर आयु के हमारे पूर्वजों ने सर्वोच्च बलिदान दिया

जब अन्याय और अत्याचार का घोर अंधकार था तब भी निराशा को पल भर के लिए भी हावी नहीं होने दिया। हम भारतीयों ने स्वाभिमान के साथ अत्याचारियों का सामना किया। हर आयु के हमारे पूर्वजों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने अपने लिए जीने के बजाए इस मिट्टी के लिए मरने का संकल्प लिया।

आज पूरी दुनिया भारतभूमि को अवसरों की भूमि मान रही है। आज भारत उस स्थान पर है जहां बड़ी वैश्विक चुनौतियों के समाधान में भारत बड़ी भूमिका निभा रहा है। हमें इस मिट्टी की आन-बान और शान के लिए जीना है। हमें देश को बेहतर बनाने के लिए जीना है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का युवा किसी भी क्षेत्र में, किसी भी समाज में पैदा हुआ हो, उसके सपने असीम हैं। इन सपनों को पूरा करने के लिए सरकार के पास स्पष्ट रोड मैप है। भारत का युवा फिट होगा तो वह अपने जीवन में, करियर में भी सुपरहिट होगा।

### डिजिटल प्रदर्शनी और फिल्म का भी प्रसारण

वीर बाल दिवस को मनाने के लिए सरकार नागरिकों, विशेष रूप से छोटे बच्चों को साहिबजादों के अनुकरणीय साहस के बारे में बताने और उन्हें शिक्षित करने के लिए पूरे देश में कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। साहिबजादों के जीवन की कहानी और बलिदान का विवरण देने वाली एक डिजिटल प्रदर्शनी देश भर के स्कूलों और बाल देखभाल संस्थानों में प्रदर्शित की जा रही है। वीर बाल दिवस पर एक फिल्म भी देशभर में दिखाई जा रही है।। इसके अलावा, क्विज सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई और ग्रीस में भी वीर बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं। भारत के वीर साहिबजादों को पूरी दुनिया और ज्यादा जानेगी, उनके महान शौर्य से सीखेगी।

### पीएम बोले



1 **भारत वो देश है...** जहां नचिकेता जैसा बालक, ज्ञान की खोज के लिए धरती-आसमान एक कर देता है।



2 **भारत वो देश है...** जहां कम आयु का अभिमन्यु, कठोर चक्रव्यूह को तोड़ने निकल पड़ता है।



3 **भारत वो देश है...** जहां बालक ध्रुव ऐसी कठोर तपस्या करता है कि आज भी किसी से उसकी तुलना नहीं की जा सकती।



4 **भारत वो देश है...** जहां बालक चंद्रगुप्त, कम आयु में ही एक साम्राज्य का नेतृत्व करने की ओर कदम बढ़ा देता है।



5 **भारत वो देश है...** जहां एकलव्य जैसा शिष्य, अपने गुरू को दक्षिणा देने के लिए अकल्पनीय कर्म करके दिखा देता है।



6 **भारत वो देश है...** जहां खुदीराम बोस, बटुकेश्वर दत्त, कनकलता बरुआ, रानी गाइडिनिल्यू, बाजी राउत जैसे अनेकों वीरों ने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने में एक पल भी नहीं सोचा।

## खबर संक्षेप

### मुंबई में 11 जगहों पर बम रखने का दावा



**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के ऑफिस में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कई बैंकों में बम रखने की धमकी ईमेल के जरिए मिली। ईमेल भेजने वाले ने खुद को 'खिलाफत इंडिया' के होने का दावा किया है। धमकी देने वाले ने मुंबई में कुल 11 जगहों पर बम रखने की धमकी दी। ईमेल में लिखा था कि आरबीआई ऑफिस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बम रखा गया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस्तीफा दें।

### दिल्ली में इजराइली दूतावास के पास धमाका

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में चाणक्यपुरी स्थित इजराइली दूतावास के पास मंगलवार शाम को ब्लास्ट की सूचना मिली। यह सूचना दिल्ली फायर सर्विस को मिली थी। इसके बाद फायर सर्विस और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। स्पेशल सेल के सूत्रों ने बताया कि एम्बेसी के पीछे खाली प्लॉट में धमाके की आवाज आई थी। इसे तीन-चार लोगों ने सुना भी। धमाका किस ऑब्जेक्ट से हुआ, इसकी जांच की जा रही है। स्पेशल सेल और फायर डिपार्टमेंट की टीम जांच में जुटी हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार मौके से इजराइली एम्बेसडर के नाम एक लेटर मिला है।

### गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

## जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन और आरक्षण संशोधन अधिनियम के प्रावधान लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2023 और जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 के प्रावधान मंगलवार से लागू हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने इसको लेकर अधिसूचना जारी की है।

हाल में समाप्त हुए संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों विधेयकों को मंजूरी दी गई थी। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन), अधिनियम 2023 के प्रावधानों के लागू होने के बाद राज्य की विधानसभा में सीटों की संख्या बढ़ कर 114 हो जाएगी। विधानसभा में पहली बार विस्थापित कश्मीरी




पंडितों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लिए क्रमशः दो और एक सीटें आरक्षित होंगी। इन्हें उपराज्यपाल नामित करेंगे। नामित करने के दौरान महिला वर्ग से एक प्रतिनिधि सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जनजाति के लिए नौ सीटें आरक्षित की गई हैं, जबकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 6 से बढ़ा कर 7 कर दी है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका

## नर्सरी में प्रवेश के लिए बच्चों की स्क्रीनिंग पर लगे रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नर्सरी में प्रवेश के लिए बच्चों की वीडियो स्क्रीनिंग पर बैन लगाने को लेकर 26 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर में उसके उस आदेश की समीक्षा की मांग की गई है जिसमें दिल्ली के उपराज्यपाल को 2015 के उस विधेयक पर सहमति देने या वापस करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया गया है जिसमें नर्सरी प्रवेश के लिए बच्चों की 'स्क्रीनिंग' पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट' द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में दलील दी गई है। हाल ही में उच्चतम



न्यायालय के फैसलों के मद्देनजर यह याचिका महत्वपूर्ण हो गई है, जिनमें पंजाब और तमिलनाडु के राज्यपालों द्वारा राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित और पुनः पारित विधेयकों पर सहमति देने में देरी पर नाखुशी व्यक्त की गई है। याचिका में शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी का हवाला दिया गया है कि राज्य के राज्यपालों को संविधान के ▶▶ शेष पेज 5 पर




### आईआईटी मद्रास के छात्रों को शोध में मिली कामयाबी

आर्थिक रूप से कमजोर 50 रोगियों के चेहरे सही हो चुके

## लौटेगी मुस्कान... 'ब्लैक फंगस' के मरीजों को 3डी तकनीक से मिलेगा 'नया' चेहरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उम्मीद की खबर

आईआईटी मद्रास ने ब्लैक फंगस के मरीजों के लिए 'जोरिओक्स इनोवेशन लैब्स' के साथ मिल कर 3डी-प्रिंट से चेहरे का इम्प्लांट तैयार किया है। जानकारी के लिए बता दें कि ब्लैक फंगस' की वजह जिन मरीजों का चेहरा खराब हुआ है, अब उन्होंने 3डी-प्रिंट तकनीक के जरिए फिर से नया चेहरा और मुस्कान मिलेगी। यह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के शोधकर्ताओं के रहते हो पाया है। इस फंगस का असर कोविड-19 के मरीजों के साथ-साथ अत्यंत गंभीर मधुमेह, एचआइवी-एड्स और अन्य बीमारियों के मरीजों में देखी गई है। अब तक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 50 रोगियों के चेहरे सही हो चुके हैं।



### विकृत हुए चेहरे की सर्जरी महंगी है

'ब्लैक फंगस' की वजह से विकृत हुए चेहरे वाले मरीजों के लिए पुर्निर्माण सर्जरी एक व्यावहारिक समाधान है। इस तरह रोगी खोया हुआ स्वरूप प्राप्त करता है और फिर से अपना काम-काज कर सकता है। वह अधिक सहजता से जीवनयापन कर सकता है। गौरतलब है कि प्रत्येक मरीज के मुताबिक इम्प्लांट तैयार करना और सर्जरी करना महंगा है। इसलिए यह कमजोर वर्ग के लोगों के लिए पहुंच से बाहर है।

### भारत में आए थे 60 हजार मामले

संस्थान ने चेन्नई के डेंटल सर्जनों के स्टार्ट-अप 'जोरियोएक्स इनोवेशन लैब्स' के साथ मिल कर यह पहल की है। इसका आधार मेटल 3डी प्रिंटिंग या एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग है। भारत में 'ब्लैक फंगस' रोग का प्रकोप एक बड़ी चिंता बनी हुई है। इस बीमारी को 'म्यूकोर्मिकोसिस' कहते हैं। इसके सबसे गंभीर खतरों में एक चेहरे का खराब होना है। इससे मरीज को गंभीर मानसिक और भावनात्मक आघात लगता है। ऐसे में 'ब्लैक फंगस' से विकृत चेहरों का पुनर्निर्माण करना अत्यावश्यक है। भारत में कोविड के कारण म्यूकोर्मिकोसिस के लगभग 60,000 मामलों ▶▶ शेष पेज 5 पर

# सीलमपुर: हथियार के बल पर लूट केस में पांच दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




सीलमपुर इलाके में हथियार के बल पर की गई लूट मामले में पुलिस ने पांच बदमाशों को अरेस्ट किया है। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल और तीन कारतूस, एक चोरी की स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। लूटी गई रकम का कुछ हिस्सा भी जब्त किया गया है।

पुलिस जांच में पता चला कि तीन आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले हत्या, लूट, स्नैचिंग और चोरी के कई मामलों में शामिल रहे हैं। डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार गिरफ्तार लुटेरों के नाम रिजवान, नूर अली, नाजिम, राकेश उर्फ पिंकी और कमल है। घटना के 48 घंटे के भीतर एक वरिष्ठ नागरिक के साथ हुई सनसनीखेज लूट का मामला सुलझाया गया है। 22 दिसंबर को शाम लगभग सात बजे, बुजुर्ग शिकायतकर्ता ज्ञान चंद तायल निवासी नवीन शाहदरा ने बताया कि वह गौतमपुरी इलाके में किराने की दुकान चलाते है। जब वह अपनी कार से घर जा रहे थे तभी मोटरसाइकिल और स्कूटी पर तीन अज्ञात व्यक्ति अचानक आए और उसे बंदूक दिखाकर 40 हजार रुपये लूट लिये थे। तकनीकी निगरानी के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी के आधार पर, स्कूटी पर सवार दो आरोपियों को जीरो पुस्ता रोड, गौतमपुरी से पकड़ा गया। इनके नाम रिजवान और नूर अली पता चलें। इनकी निशानदेही पर सहयोगी, नाजिम, राकेश और कमल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से 20 हजार रुपए बरामद हुये हैं।

# आनंद विहार: लूटपाट करने वाला बदमाश धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आनंद विहार एरिया में क्रॉस रिवर मॉल के सामने हथियार के बल अंजाम दी गई लूट की वारदात को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस सिलसिले में एक बदमाश अरेस्ट हुआ है। बदमाश होंडा सिटी कार से आए थे। उन्हें पीड़ित के पास मोटा कैश होने का शक था। लेकिन उनके हाथ केवल 65 हजार रुपए ही लगे। गिरफ्त में आये बदमाश के पास से दो बाइक, कपड़े, एक पिस्टल और तीन राउंड कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी का नाम बिजेन्द्र सिंब (38) है। इसके खिलाफ दिल्ली और यूपी के दर्जनभर मामले दर्ज मिले हैं। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया 12 दिसंबर को शिकायतकर्ता राजेंद्र अग्रवाल ने बताया वह पौने 12 बजे अपने रिश्तेदारों के साथ घर से निकले थे। करीब 12 बजे वे क्रॉस रिवर मॉल के सामने पहुंचे तो अचानक एक सफेद रंग की होंडा सिटी कार ने उनका रास्ता रोक लिया। कार से निकले चार बदमाशों ने लगभग 60 हजार रुपए, एक छोटा सूटकेस, दो लैपटॉप और कार छीनी और फरार हो गए। पुलिस ने जांच के दौरान बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाई और एक को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में इस्तेमाल कार चोरी की पायी गई। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि शिकायतकर्ता के एक पूर्व कर्मचारी के माध्यम से जानकारी मिली थी कि उन्हें करीब 50 लाख रुपए मिल सकते हैं। इसके बाद उन्होंने प्लानिंग के साथ इस वारदात को अंजाम दिया, लेकिन लूट में उनके हाथ केवल 65 हजार रुपए लगे थे।

## खबर संक्षेप

### नर्सरी प्रवेश : 'स्क्रीनिंग' पर रोक के संबंध में पुनर्विचार याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है जिसमें उसके उस आदेश की समीक्षा की मांग की गई है जिसमें दिल्ली के उपराज्यपाल को 2015 के उस विधेयक पर सहमति देने या वापस करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया गया है जिसमें नर्सरी प्रवेश के लिए बच्चों की 'स्क्रीनिंग' पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट' द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में दलील दी गई है कि हाल ही में उच्चतम न्यायालय के फैसलों के मद्देनजर यह याचिका महत्वपूर्ण हो गई है, जिनमें पंजाब और तमिलनाडु के राज्यपालों द्वारा राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित और पुनः पारित विधेयकों पर सहमति देने में देरी पर नाखुशी व्यक्त की गई है। याचिका में शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी का हवाला दिया गया है कि राज्य के राज्यपालों को संविधान के अनुच्छेद 200 के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। अनुच्छेद 200 में किसी राज्य की विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी के लिए प्रस्तुत करने की प्रक्रिया का उल्लेख है।

### चांदनी चौक में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करे नगर निकाय और पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस और नगर निकाय को चांदनी चौक इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ नियमित कार्रवाई सुनिश्चित करने और कड़ी निगरानी बरतने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अधिकारियों को इस संबंध में एक विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के फैसले का पालन करना चाहिए। पीठ ने कहा कि अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर या अतिक्रमण के दोबारा होने पर दिल्ली नगर निगम के संबंधित सहायक आयुक्त और लाहौरी गेट तथा कोतवाली थानों के प्रभारी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। अदालत का यह आदेश चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल की एक याचिका पर आया, जिसमें यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी कि चांदनी चौक में 'नॉन-हॉकिंग/नॉन-स्क्वाटिंग' क्षेत्रों में फेरी लगाने और अवैध कब्जे की कोई भी गतिविधि नहीं हो। पीठ में न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा भी शामिल थे।

### एक दिन पहले मृतक और आरोपी के बीच हुआ था विवाद

# पंजाबी बाग : 1500 रुपए के पीछे हत्या कर फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




पंजाबी बाग इलाके में 1500 रुपए के पीछे हुए विवाद में एक शख्स का कत्ल करने वाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम मोहम्मद अब्दुल्ला बताया गया है। इसके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू, घटना के समय पहने कपड़े और जूते भी बरामद हो गये हैं। पुलिस को आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मृतक को उससे रुपए लेने थे। इस बात को लेकर उसने आरोपी के घर जाकर न केवल हंगामा किया बल्कि उसके परिजनों के साथ दुर्व्यहार भी कर दिया था। यह बात आरोपी को बर्दाश्त नहीं हुई और उसने इसका बदला मर्डर करके लिया।

डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार 22 दिसंबर को जेजे कॉलोनी, मादीपुर में एक शख्स को चाकू मारने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची जहां एक शख्स की लाश पड़ी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया। मृतक विनोद (29) अपने भाई के साथ किराए के मकान में रहता था। पुलिस द्वारा घटना की बाबत हत्या का मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की गई। आरोपी के बारे में पता चलने पर पश्चिम विहार और मुकुंदपुर एरिया में दबिश डाल उसे पकड़ा गया। आरोपी मोहम्मद अब्दुल्ला (29) जनता फ्लैट्स पश्चिम विहार का रहने वाला है। वह अपने घर में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत करता था। पुलिस की तहकीकात में पता चला कि घटना से एक दिन पहले विनोद और उसके बीच विवाद हुआ था।

### गोकलपुरी इलाके में वारदात

# मुखबिरी के शक में युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में पुलिस से मुखबिरी के शक में एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए गये। युवक को लहूलुहान करके आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक का नाम राहुल बताया गया है। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वारदात का आरोप दो युवकों व उनको दोस्तों पर है। पुलिस केस दर्ज कर हमलावरों की धरपकड़ की कोशिश में लगी है।

मिली सूचना के अनुसार राहुल अपने परिवार के साथ गंगा विहार में रहता है। वह गाजियाबाद में मजदूरी करता है। सोमवार रात को वह संजय कॉलोनी में मोमोज खाने के लिए गया था। वहां से घर लौटते समय डी-ब्लॉक पार्किंग के पास उसे कंगला व टाटा नाम के दो बदमाशों ने रोक लिया। उन्होंने अपने कुछ साथियों को भी मौके पर बुला लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उस पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाकर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। आगे से मुखबिरी करने पर हत्या करने की धमकी दी गई। राहुल के हाथ, कंधे व पीठ पर वार किये गये हैं।

# नरेला: फैक्ट्री की लिफ्ट टूटने से युवक की मौत

### हादसे में एक अन्य युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के नरेला इलाके में एक फैक्ट्री की लिफ्ट में खराबी के कारण 40 वर्षीय एक श्रमिक की मौत हो गई और एक अन्य श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, यह हादसा सोमवार रात को हुआ, जब नील मणि (40) और अनिल कुमार (36) फैक्ट्री के ऊपरी हिस्से पर चढ़ रहे थे, जो जमीन से करीब 40 फुट ऊपर है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने मणि के शव को कब्जे में ले लिया है। इसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि घायल अनिल कुमार को अस्पताल ले जाया गया। हमने इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने कहा कि घटनास्थल की जांच से पता चला कि लिफ्ट का केबल टूट गया था, जिसके कारण वह लगभग 30 फुट की ऊंचाई से गिर गई। अधिकारी ने कहा कि दोनों को गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मणि की मौत हो गई। इस मामले की जांच की जा रही है।

## गुमशुदा की तलाश



नरेंदर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** नरेन्दर **पुत्र** : राजेन्दर कुमार **निवासीः** मकान नं. 2/18, II पीए स्टाफ क्वार्टर, आई.पी. एस्टेट, दिल्ली जो दिनांक 16.12.2023 से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में डी.डी. सं. 32ए दिनांक 17.12.2023 थाना आई.पी. एस्टेट, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:–

**उम्रः** 35 वर्ष, **कदः** 5'2'', **रंगः** गेहुंआ, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहचानः** दिमागी रूप से परेशान है, **कपड़ेः** नीले रंग की जैकेट व मेहरून रंग की पैन्ट तथा काले रंग के जूते पहने हुये है।

यदि किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें। ई–मेल आईडी–cic@cbi.gov.in वेबसाईट http://cbi.nic.in

फोनः 011-24368638,24368641
फैक्स नं.:011-24368639
DP/14680/CD/2023

थानाध्यक्ष
थाना आई.पी. एस्टेट, दिल्ली
मध्य जिला, दिल्ली
दूरभाष सं. 011-23370999, 8750870426,

# इजराइली दूतावास के पीछे धमाका, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



इजराइली दूतावास के पीछे खाली प्लॉट में मंगलवार शाम धमाके की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही लोकल पुलिस के अलावा स्पेशल सेल की टीम मौके पर पहुंच गई। सुरक्षा कर्मियों ने आसपास के इलाके में घेराबंदी कर छानबीन शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक जांच में कुछ नहीं मिला था। जानकारी के अनुसार, किसी ने पीसीआर कॉल कर शाम करीब 5:47 बजे धमाके की सूचना पुलिस को दी थी। इसके बाद दमकल विभाग की टीम भी इजराइली एंबेसी के पीछे पृथ्वीराज रोड पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर जांच में जुट गई। बता दें कि 2021 में भी नए साल पर इसी इलाके में कार में धमाका हुआ था। कार में पीछे की तरफ बम को चिपकाया गया था। धमाका होने से कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई थी। इस दौरान कई कारों को नुकसान हुआ था। ब्लास्ट में कई कारों के शीशे टूट गए थे। इसके अलावा 2012 में भी इजरायली दूतावास के पास कार पर हमला हुआ था। इजराइली दूतावास की कार में यह धमाका फरवरी में हुआ था। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे इस घटना का अंजाम दिया गया था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक सफदरजंग रोड पर बाइक पर सवार होकर दो हमलावर दूतावास के पास पहुंचे थे। दूतावास की इनोवा गाड़ी की खिड़की पर कुछ चिपकाकर फरार हो गए। इसके कुछ मिनटों बाद ही धमाका हो गया था। उसमें चार लोग घायल हुये थे।

### आरोपी के पास से 11 नकली मोबाइल बरामद

# असली फोन दिखा कर डमी थमाने वाला जालसाज दुकानदार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नकली और डमी मोबाइल बेचकर धोखाधड़ी करने वाले एक जालसाज दुकानदार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के निशाने पर विशेष रुप से पर्यटक होते थे जो दिल्ली दर्शन के लिए आते थे। इसके पास से ग्यारह ब्रांडेड मोबाइल फोन की कॉपी बरामद की है।

डीसीपी मनोज कुमार मीणा के अनुसार 22 दिसंबर को मोहम्मद इनाम ने शिकायत दर्ज करायी थी, जिसमें उन्होंने बताया कि वह मूलरुप से बिहार का रहने वाला है। दोस्त राकेश के साथ लालकिला देखने के लिए आया था। वह लाल किला देख स्मार्ट मोबाइल फोन खरीदने के लिए ओल्ड लाजपत राय मार्किट आ गया। दुकानदार ने उसे एक एप्पल आईफोन दिखाया, जिसे उसने 20 हजार रुपए देकर खरीद लिया। लेकिन हाथ की सफाई दिखाकर दुकानदार ने असली मोबाइल की जगह उसे नकली डमी मोबाइल वन प्लस दे दिया। यह बात पता चलने पर जब उसने दुकानदार से अपना वही मोबाइल फोन मांगा तो वह उसे धमकाने लगा। उसे दुकान से धक्का मार बाहर कर दिया।

### आरोपी दुकानदार हो गया था फरार

पुलिस पीड़ित के साथ उस दुकान पर पहुंची तो आरोपी दुकानदार वहां से फरार हो चुका था। अब पुलिस ने दुकानदार सैय्यद अमान अली, निवासी सी-ब्लॉक वीआईपी रोड, लाल मंदिर के पास, हर्ष विहार को पकड़ लिया है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह आमतौर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल फोन आदि बेचने के लिए एक काउंटर लगाता है। मोबाइल खरीदने वाले को वह असली फोन दिखा उसे नकली मोबाइल थमा देता था।

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 386 दिनांक 21.12.2023 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - **रेश्मा अपनी बेटी रियान्सी के साथ।**
पिता/पति का नाम - पत्नी मन्जीत
पता- गांव खेड़ी साध जिला रोहतक
उम्र - 23 वर्ष
कद - 5 फुट 5 इंच
**हुलियाः**- रंग सांवला, गोल चेहरा, हस्ट पुष्ट शरीर, काली आंखे, काले बाल व माथे पर निशान चोट
**पहनावाः**- आसमानी रंग का सुट व पीले रंग की पजामी व पैरो में बादामी रंग के सैन्डल पहने हुए।

दिनांक 21.12.23 को रेश्मा अपनी बेटी रियान्सी के साथ पत्नी श्री मन्जीत निवासी गांव खेड़ी साध थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी आई.एम.टी. रोहतक :-7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक :- 9416866079

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 474 दिनांक 21.11.23 धारा 365 IPC थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - **खुशी।**
पिता/पति का नाम - पुत्री प्रमानन्द
पता- उत्तम विहार जिला रोहतक।
उम्र - 14 वर्ष
कद - 4 फुट 11 ईंच
**हुलियाः**- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा दुबला पतला शरीर, लम्बी नाक, काले बाल।
**पहनावाः**- काले रंग की जींस की पैन्ट हल्के नीले रंग की जाकेट व पैरो में जुती पहने हुए।

दिनांक 21.12.2023 को खुशी पुत्री प्रमानन्द निवासी उत्तम विहार थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक :-7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक :- 9050168169

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 954 दिनांक 21.12.23 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - **ज्योति**
पिता/पति का नाम - **पुत्री राजेन्द्र**
पता- गढी मौहल्ला जिला रोहतक।
उम्र - 28 वर्ष
कद - 5 फुट
**हुलियाः**- रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, हस्ट पुष्ट शरीर।
**पहनावाः**- हरे रंग का सुट सलवार व पैरो में जुती पहने हुए।

दिनांक 21.12.2023 को ज्योति पुत्री राजेन्द्र निवासी गढी मौहल्ला रोहतक जिला रोहतक थाना शहर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक :-7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200-9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक :- 9813833022

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**डी.डी. नं. 17 दिनांक 21.12.2023 धारा 174 सी.आर. पी.सी थाना थाना आई.एम.टी. रोहतक।**



**अदमपता नाश की पहचान**
नाम - **ना मालुम**
पिता/पति का नाम - **ना मालुम**
पता- ना मालुम
उम्र - करीब 27-28 वर्ष
कद - करीब 5 फुट 3 ईंच
**हुलियाः**- रंग गेहुआ गोल चेहरा, मजबूत शरीर
**पहनावाः**- सफेद रंग की बनियाण, नीले रंग का अण्डरवियर, ग्रे रंग की जींस की पैन्ट, कोका कोला रंग की गोल गले की टी शर्ट दाहिने हाथ का पुष्ट पर आर.आर. और औम गुदा हुआ।

दिनांक 21.12.2023 को नजदीक ईण्डश पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड रोहतक के पास खेत में नामपता नामालुम व्यक्ति (पुरूष) की नाश मिली है। जो नाश 72 घंटे शिनाख्त के लिए डैड हाउस PGIMS रोहतक में रखी गई है। यदि किसी थाना/व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करे।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक :-7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200-9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक :- 9813568669

पीआरडीएच-1084/11/2010/2024/23690/88/7 दि. 26.12.2023

## दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 377 दर्ज

# दिल्ली की हवा बनी हुई है जहरीली, कई इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की हवा मंगलवार को भी दमघोंटू बनी रही। मंगलवार को दिल्ली के कई इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के अंक से ऊपर दर्ज किया गया। जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। वहीं अगले दो दिन में प्रदूषण का स्तर और बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। दिल्ली के लोग इस बार अक्टूबर महीने के दूसरे सप्ताह से प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं। 20 अक्टूबर के बाद से एक दिन भी ऐसा नहीं रहा है जब वायु गुणवत्ता साफ-सुथरी रही हो। इस बीच ज्यादातर दिनों में वायु गुणवत्ता का स्तर खराब, बेहद खराब, गंभीर या अत्यंत गंभीर श्रेणी में रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 377 दर्ज किया गया। इसे बेहद खराब श्रेणी में आता है। सोमवार को यह सूचकांक 383 के अंक पर रहा था। यानी चौबीस घंटे में सूचकांक में छह अंकों का सुधार हुआ है। हालांकि, अभी भी यह बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है। वहीं, चिंता की बात यह है कि दिल्ली के कई इलाके मंगलवार को ऐसे रहे, जिनका वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से ऊपर रहा। जो कि गंभीर श्रेणी होती है। उल्लेखनीय है कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बेहद खराब तथा 401 और 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

मानकों के मुताबिक हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 का स्तर 100 से और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। लेकिन, मंगलवार की शाम चार बजे दिल्ली-एनसीआर की हवा में पीएम 10 का औसत स्तर 291 और पीएम 2.5 का स्तर 181 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। यानी दिल्ली-एनसीआर की हवा में मानकों से लगभग तीन गुना ज्यादा प्रदूषण मौजूद है।

### इन इलाकों को एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज

दिल्ली में मंलगवार को कई क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के मुंडका में 432, वजीरपुर में 404, जहांगीर में 428, पटपड़गंज में 402, नेहरू नगर में 429, पंजाबी बाग में 406, आईटीओ में 417, आनंद विहार में 402 और शादीपुर में 404 एक्यूआई दर्ज किया गया।

### दिल्ली में घने कोहरे से, उड़ानों में देरी

दिल्ली में मंगलवार को सुबह घने कोहरे की चादर छाई रही और तापमान गिरकर सात डिग्री सेल्सियस रह गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से लगभग एक डिग्री सेल्सियस कम है। दिल्ली के सफदरजंग, आनंद विहार और इंडिया गेट जैसे कई इलाकों में घने कोहरे के कारण दृश्यता कम रही। दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में तड़के साढ़े पांच बजे बजे दृश्यता 200 मीटर दर्ज की गई। पालम में यह 100 मीटर थी। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर लगभग 30 उड़ानों के संचालन में देरी हुई। इनमें अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल हैं। कोहरे के कारण 14 ट्रेन के आगमन में भी देरी हुई।

### बारिश के साथ शुरू होगा नया साल, आज छाया रहेगा घना कोहरा

दिल्ली में बारिश के साथ नए साल की शुरुआत हो सकती है। ऐसा मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है। वहीं आज बुधवार को घना कोहरा छाया रह सकता है। हालांकि इसकी तीव्रता मंगलवार से कुछ कम होगी। मौसम विभाग ने दिल्ली में बुधवार को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में 29 दिसंबर से आसमान में बादलों की आवाजाही देखी जाएगी। हालांकि 29 दिसंबर से पहली जनवरी तक सुबह के वक्त हल्का कोहरा नजर आ सकता है। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ का असर भी देखा जाएगा। 29 दिसंबर को न्यूनतम तापमान के छह डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का पूर्वानुमान है। बाकी दिन तापमान सात डिग्री के आसपास बना रह सकता है। दिल्ली में 27 दिसंबर को घने से ज्यादा घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

# वीर बाल दिवस पर भाजपा नेताओं ने गुरुद्वारा साहिब जा कर टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



वीर बाल दिवस के अवसर पर दिल्ली भाजपा के प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल मंगलवार को पूर्व विधायक सरदार तरविंद्र सिंह मारवाह द्वारा श्री गुरुद्वारा सिंह सभा, भोगल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और श्री साहिबजादों की स्मृति में मत्था टेका। यहां सचदेवा ने कहा है कि श्री साहिबजादों की स्मृति में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस घोषित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी स्मृति का सम्मान तो किया ही है साथ ही देश के बच्चों एवं सभी लोगों के समक्ष सच्ची प्रेरणा भी रखी है।

विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह विधूड़ी ने वीर बाल दिवस पर शक्ति विहार, बदरपुर के गुरुद्वारा साहिब में जा कर श्री साहिबजादों की स्मृति में मत्था टेका और कहा कि सिख गुरुओं ने अपना बलिदान देकर देश एवं धर्म दोनों की रक्षा के लिए हमेशा पहल की। सचदेवा एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने मंगलवार शाम रमेश नगर में वीर बाल दिवस के अवसर पर अमृत वाणी सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गरीबों को कम्बल बांटे और कहा कि गरीब कल्याण कार्य करना सिख गुरूओं की राह पर चलना है।

■ उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस चूल्हे वितरित किए

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को चूना मंडी, कीर्ति नगर में आयोजित एक कार्यक्रम में स्थानीय झुग्गी बस्ती की महिलाओं को उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस चूल्हे वितरित किए। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण एवं महिला उत्थान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार का संकल्प है और मंगलवार को गैस चूल्हा वितरण उसी का भाग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील कक्कड़ ने की और प्रदेश मंत्री हरीश खुराना एवं उज्जवला योजना प्रभारी राकेश प्रजापति भी उपस्थित थे।

### दिल्ली सरकार पेंशन न देकर बुजुर्गों पर कर रही है जुल्म : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि सर्दियों में बुजुर्गों की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ जाती हैं और उन्हें दवाइयों और स्वास्थ्य संबंधी अन्य परेशानियों के लिए पैसे की जरूरत होती है लेकिन दिल्ली सरकार इन बुजुर्गों को पेंशन न देकर उन पर जुल्म कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने पांच साल से दिल्ली में वृद्धावस्था पेंशन बंद की हुई है। किसी नए आवेदक को पेंशन नहीं दी जा रही। यही नहीं, एक लाख से अधिक वेकेंसी होने के बावजूद उनकी जगह नए लोगों को पेंशन नहीं दी जा रही जबकि दो लाख से ज्यादा बुजुर्ग पेंशन के लिए फरियाद कर रहे हैं। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार बुजुर्गों के प्रति न केवल अमानवीय दृष्टिकोण अपना रही है बल्कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना का अपराध भी कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी जानकारी मिली है कि दिल्ली सरकार ने 17 अक्टूबर 2018 को एक आदेश जारी किया था जिसमें कहा गया था कि नई पेंशन के लिए आवेदन विधायक की आईडी से ही किया जा सकता है।

### जल्द ही सभी रुकी हुई पेंशन चालू होगी : आनंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री राजकुमार आनंद ने मंगलवार को कहा कि वृद्धावस्था पेंशन में आने वाली दिक्कतों में सुधार लाने की प्रक्रिया तेजी पर है, जल्द ही सभी रुकी हुई पेंशन चालू होगी। वहीं उन्होंने मंगलवार को अधिकारियों को लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि मंगलवार को दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक में समाज कल्याण विभाग के सचिव, डायरेक्टर व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रजापति महासभा ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** प्रजापति महासभा दिल्ली प्रदेश के तत्वाधान में नजफगढ़ क्षेत्र के बापरोला में '21वां प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया। इसमें प्रदेश भर के करीब 245 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम पवन कुमार ने शिक्षा के महत्व के बारे में अपने अमूल्य विचार रखे। जब अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया तो मेधावी विद्यार्थियों ने भी जीवन में आगे और कामयाब होने का संकल्प दोहराया। अपने बच्चों को प्रदेश के इतने बड़े मंच पर सम्मानित होता देखकर मौजूदा प्रत्येक अभिभावक के चेहरे पर गर्व साफ झलक रहा था। इस मौके पर विधायक महेंद्र यादव, पूर्व सांसद महाबल मिश्रा, प्रदेश पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहें।




# दिल्ली सरकार ने कोरोना मरीजों के नमूने जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ दिल्ली में हर दिन कोरोना के औसतन तीन से चार मामले आ रहे सामने

सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि वाले नमूने जीनोम अनुक्रमण के लिए प्रयोगशालाओं में भेजे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अब तक देश में कोरोना वायरस के उप-स्वरूप जेएन-1 के 63 मामले सामने आए, जिनमें से 34 मामले गोवा में हैं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में नौ, कर्नाटक में आठ, केरल में छह, तमिलनाडु में चार और तेलंगाना में दो मामले सामने आए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली में हर दिन संक्रमण के औसतन 3-4 मामले सामने आ रहे हैं, जिसका मतलब है कि संक्रमण की दर एक प्रतिशत से कम है। संक्रमण की पुष्टि वाले नमूनों को जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजा गया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में हर दिन कोविड-19 के औसतन तीन से चार नए मामले सामने आ रहे हैं और सरकार कोरोना संक्रमण के संभावित प्रसार से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारद्वाज ने कहा कि कोविड-19 की मौजूदा स्थिति को लेकर केंद्र के साथ एक बैठक हुई और हमें बताया गया कि केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे दक्षिणी राज्यों में मामले अधिक बढ़ रहे हैं। हम नमूनों की जांच कर रहे हैं और हमें प्रतिदिन औसतन तीन से चार नए मामले मिल रहे हैं जो एक प्रतिशत से भी कम हैं।

# कानून मंत्री आतिशी ने साकेत कोर्ट के नवनिर्मित भवन में सीलन देख अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मंत्री आतिशी इन दिनों एक्शन मूड में नजर आ रही है। हाल ही में सीवर की शिकायतों को देखते हुए उन्होंने दिल्ली के कई इलाकों में औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को फटकार लगाई वहीं अब बतौर कानून मंत्री आतिशी ने मंगलवार को साकेत कोर्ट का औचक निरीक्षण किया। यहां हाल ही बने कोर्ट काम्प्लेक्स के नए ब्लॉक में सीलन की समस्या को देखकर वह अधिकारियों पर काफी नाराज हुईं। उन्होंने इस बाबत लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द यहां मौजूद सभी समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही नए बिल्डिंग ब्लॉक में इतनी जल्दी आई समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए पीडब्ल्यूडी को संबंधित इंजीनियर और कांट्रेक्टर पर सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि कानून मंत्री आतिशी ने मंगलवार सुबह अधिकारियों के साथ साकेत कोर्ट काम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कोर्ट काम्प्लेक्स के नए बने ब्लॉक में सीलन की समस्या आ रही है। जिसके कारण दीवारें नम हो गई हैं।

कानून मंत्री आतिशी ने कहा कि साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स का उपयोग बड़ी संख्या में जजों, वकीलों और उनके कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। वहीं यहां रोज हजारों की संख्या में लोग न्याय की तलाश में आते है। ऐसे में यहां मेंटेनेंस करने में कोताही बरतने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है कि इन लोगों को यहां अपना काम करने के दौरान किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।



### अधिकारी जल्द से जल्द सभी समस्याओं को दूर करें

कानून मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी यहां जरूरी मेंटेनेंस और रिपेयर के काम की एक विस्तृत चेकलिस्ट बनाये और उसके अनुसार सभी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करें। उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसरों के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाना और वहां सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान करना केजरीवाल सरकार की प्रतिबद्धता है और इस दिशा में हम कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

■ जिम्मेदार इंजीनियरों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का दिया आदेश

# केंद्र और दिल्ली सरकार ने अपराधों को रोकने के लिए नहीं उठाए कोई मजबूत और प्रभावी कदम : लवली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ केंद्रीय गृह मंत्रालय, दिल्ली पुलिस, उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार को आरोप-प्रत्यारोप करना चाहिए बंद

■ बच्चों और छात्रों के खिलाफ अपराधों की बढ़ती दर को रोकने के लिए समन्वय में करना चाहिए कार्य

दिल्ली में मारपीट, हत्या, झपटमारी, महिलाओं और बच्चों पर हमले जैसे अपराध बढ़ने के बावजूद केंद्रीय गृह मंत्रालय, दिल्ली पुलिस, उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार ने अपराधों को रोकने के लिए कोई मजबूत और प्रभावी कदम नहीं उठाए हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने तिमारपुर में 14 वर्षीय स्कूली छात्र की हत्या पर मंगलवार को गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस नई घटना ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजधानी में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को उजागर कर दिया है। अभी हाल ही में भजनपुरा में 12वीं कक्षा की स्कूली छात्र की भी कुछ युवकों के साथ कहासुनी के बाद बेरहमी से हमला करने पर इसकी हत्या कर दी गई थी। लवली ने कहा कि महिलाएं अपने घरों से बाहर निकलने से डरती हैं और जो लोग ऑटोरिक्शा और ई-रिक्शा से यात्रा करते हैं वे स्नैचरों का आसानी से निशाना बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में, अरुणाचल प्रदेश की एक 66 वर्षीय महिला को बाइक सवार एक व्यक्ति ने ई-रिक्शा से बाहर खींच लिया और उसका पर्स छीन लिया, और तीन दिन बाद उसने दम तोड़ दिया, जो बहुत चौंकाने वाला था। महिला राष्ट्रीय राजधानी के दौरे पर थी।

## 'सफाई कर्मचारी नगर निगम की रीढ़'

# निगम की 'आप' सरकार सदैव अपने कर्मियों के साथ खड़ी है: शैली ओबरॉय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने दूसरे राज्य में जाकर मृतक कर्मचारी के परिजनों को सहायता राशि और नियुक्ति पत्र सौंपा है। इस दौरान महापौर डॉ. शैली ओबरॉय के साथ राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता, उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल, नेता सदन मुकेश गोयल ने सोनीपत जिले के गांव मोहना जाकर एमसीडी के दिवंगत सफाई कर्मचारी इंद्र कुमार के परिजनों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर सिविल लाइंस क्षेत्र के उपायुक्त बीपी भारद्वाज सहित सिविल लाइंस क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने बताया कि निगम की आम आदमी पार्टी की सरकार कर्मियों की मदद करने की दिशा में हर रोज नई पहल कर रही है। निगम के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है। उन्होंने बताया कि सिविल लाइंस जोन में कार्यरत सफाई कर्मचारी इंद्र कुमार को ड्यूटी के दौरान 30 अगस्त 2023 को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। इससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके बाद नई परिपाटी शुरू करते हुए दूसरे राज्य में जाकर सहायता राशि सौंपी गई है।



■ महापौर ने सोनीपत जाकर मृतक कर्मचारी के परिजनों को सौंपी सहायता राशि और नियुक्ति पत्र

डॉ. शैली ओबरॉय ने दिवंगत सफाई कर्मचारी की पत्नी कमलेश को लगभग 14 लाख रुपए की राशि का चेक दिया एवं उनके पुत्र रविन्द्र को स्थाई नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नगर निगम कर्मियों को गारंटी दी थी कि कर्मियों के हितों का ध्यान रखा जाएगा। उनके निर्देश पर सोनीपत पहुंचकर पीड़ित परिवार को सहायता राशि का चेक सौंपा गया है।

महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर निगम की रीढ़ हैं एवं उनके हितों एवं आवश्यकताओं का ध्यान रखना निगम सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निगम चुनाव के समय कर्मियों के समय पर वेतन भुगतान की गारंटी दी थी, जिसे हम प्रतिबद्धता से पूरा कर रहें हैं। हमने सफाई कर्मियों को नियमित करने की भी प्रक्रिया आरंभ कर दी है। मैं सभी सफाई कर्मियों को आश्वस्त करना चाहती हूं कि जल्द से जल्द दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को नियमित कर दिया जाएगा। इस दुख की घड़ी में हम दिवंगत सफाई कर्मचारी के साथ खड़े हैं तथा उनके परिवार को निगम की तरफ से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि हमारे सफाई कर्मचारी शहर को साफ सुथरा रखने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

### महापौर ने नहीं किया कोई नया काम, पहले से चली आ रही है यह परिपाटी : राजा इकबाल सिंह

दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने कोई नया काम नहीं किया है बल्कि यह तो दिल्ली नगर निगम की पुरानी परिपाटी रही है कि ऑन ड्यूटी कर्मचारी की मृत्यु की सूरत में एक सप्ताह के अंदर उन्हे सहायता राशि एवं नियुक्ति पत्र दिया जाता रहा है। आम आदमी पार्टी की सरकार झूठे वादे एवं खोखले प्रचार की सरकार है जिनका कोई भी सरोकार जनता के कल्याण से नहीं है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने दिवंगत सफाई कर्मचारी के परिजनों को 4 महीने देरी से सहायता राशि एवं नियुक्ति पत्र देने पर महापौर की कड़ी आलोचना करते हुए उक्त बातें कही। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि सिविल लाइंस जोन में कार्यरत सफाई कर्मचारी इंदर कुमार की मृत्यु ड्यूटी के समय 30 अगस्त 2023 को हुई थी किंतु चार माह का लंबा समय बीत जाने के बाद भी महापौर के कानों पर जूं नहीं रेंगी। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर भाजपा पार्षदों ने महापौर का घेराव किया एवं सफाई कर्मचारी यूनियन ने हड़ताल पर जाने के बाद आनन फानन में महापौर हरकत में आई और उनकी नींद टूटी। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि मैं दिल्ली की महापौर से पूछना चाहता हूं कि जो अपने आपको कर्मियों का सबसे बड़ा हितैषी बताते हैं वो चार महीने तक कहां थे।



खबर संक्षेप

## नए साल के स्वागत के लिए महामृत्युंजय यज्ञ



**फरीदाबाद।** मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में नए साल के स्वागत के लिए महामृत्युंजय यज्ञ का शुभारंभ हुआ। संस्थान में हर साल 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक रोजाना अलग-अलग विभाग की ओर से पूजा-अर्चना और यज्ञ किया जाता है। इसके बाद 1 जनवरी को पूर्णाहूति दी जाती है। हर साल एक जनवरी को संस्थान में हवन और इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## हनुमान चालीसा और कलश यात्रा का आयोजन



**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद के महावीर नगर स्थित श्री महावीर मंदिर की ओर से आज हनुमान चालीसा एवं कलश यात्रा का बड़ी धूमधाम से ओल्ड फरीदाबाद में निकाली गई। इस दौरान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत के भव्य दर्शन कर भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। विभिन्न स्थानों पर फूलमालाओं से जय श्रीराम के जयकारों से कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 36 लाख



**गुरुग्राम ।** सिविल लाइंस थाना एरिया में जालसाजों ने दुबई में नौकरी व घर दिलाने के नाम पर एक युवक से 36 लाख रुपए की ठगी कर ली। पुलिस कमिश्नर के आदेश के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। सेक्टर-15, पार्ट-2 के सोमबीर कुमार पुलिस को दी शिकायत में कहा कि बीती मार्च 2022 में उसकी मुलाकात अंकित रतूड़ी से हुई थी।

## मैरिज गार्डन एंड बैकवेंट एसो. ने सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद मैरिज गार्डन एण्ड बैकवेंट एसोसिएशन के पेट्रर्न विनोद, प्रधान ऋषि चौधरी, अनिल अरोड़ा, सचिव विकास खन्ना, कोषाध्यक्ष अमर यादव सहित अन्य सदस्यों ने आज जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नाम अपनी मांगों का एक ज्ञापन सीटीएम को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हम सरकार से अपने व्यापार को बचाने की मांग करने के

## 50 हजार के इनामी होमगार्ड गिरफ्तार



**गाज़ियाबाद।** गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच ने युवती से छेड़छाड़ के आरोपी व 50 हजार के इनामी होमगार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी छेड़छाड़ के साथ भ्रष्टाचार के मामले में वांछित चल रहा था। उसे कोतवाली इलाके से पकड़ा गया है। डीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि युवती ने थाना कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो पुलिस व एक अज्ञात ने उसके साथ गाली-गलौज की ।

## मेडिकल इमरजेंसी के नाम पर दोस्त बनकर ठगी



**गुरुग्राम।** साइबर थाना एरिया में मेडिकल इमरजेंसी के नाम पर दोस्त बनकर एक लाख 70 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। रामेश्वर सिंह दलाल ने कहा कि उनके पास दोस्त वेद प्रकाश के नाम पर फोन आया। जिसने मेडिकल इमरजेंसी के नाम पर रुपए मांग की। एक लाख 70 हजार रुपए उसे ट्रांसफर कर दिए। बाद में फोन किया, तो ठगी का पता चला।

साहिबजादों के बलिदान दिवस

# सबको प्रेरणा देता है साहिबजादों का सर्वोच्च बलिदान

केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि आप सभी ने साहिबजादों के बलिदान की कविता पड़ी होगी। उन्होंने अपना धर्म नहीं बदला, सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। आज ही के दिन पूरा परिवार ने एक सप्ताह के अंदर ही देश, धर्म और संस्कृति के लिए अपनी शहादत दी थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने वीर बाल दिवस के अवसर पर सेक्टर-28 स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के चरणों में श्रद्धा सुमन नमन किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि आज सच्चा वीर बाल दिवस आज है। आज ही के दिन एक पूरे परिवार ने एक सप्ताह के अंदर ही देश, धर्म और संस्कृति के लिए अपनी शहादत दी थी। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि आप सभी ने साहिबजादों के बलिदान की कविता पड़ी होगी। उन्होंने अपना धर्म नहीं बदला, सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। श्रीराम स्कूल फरीदाबाद की नर्सरी कक्षा की छात्रा अमृता सिंह कार्यक्रम की नायिका रही।



### बच्चे, उम्र में थे कच्चे, मगर धर्म ईमान के सच्चे

गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस दिन को चार साहिबजादों के बलिदान को याद करने तथा उन्हें सच्ची श्रद्धांजली देने के लिए मनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के बलिदान पर एक कविता प्रचलित है, कहीं पर्वत झुके भी हैं, कहीं दरिया रुके भी हैं। नहीं रुकती रवानी है, नहीं रुकती जवानी है। गुरु गोविंद के बच्चे, उम्र में थे अभी कच्चे। मगर थे सिंह के बच्चे, धर्म ईमान के सच्चे। साहिबजादों का शौर्य, उनका साहस विद्यमान है। ऐसी शहादत विश्व के इतिहास में आज तक नहीं दी गई। साहिबजादों का सर्वोच्च बलिदान हम सबको प्रेरणा देता है। हम इसका स्वरूप और बेहतर करेंगे, ताकि हर एक के मन में देश और धर्म के प्रति एक प्रेरणा जाग सके। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नए साल मे निगम शहर को देगा पर्यावरण, खेलकूद, सौंदर्यकरण के तोहफे

# शहर की आबोहवा की बेहतरी के लिए बायोडायवर्सिटी पार्क को मिली मंजूरी

नगर निगम आने वाले नए साल में पर्यावरण, खेलकूद, सौंदर्यकरण, स्मार्ट वर्किंग व अन्य पर कार्य तेजी से कर रहा है, शहर में बायोडायवर्सिटी पार्क, एंट्री गेट, गाजियाबाद 311 एप, आरटीएम एस व अन्य योजनाओं पर कार्य कर रहा है आगामी 2024 में शहर वासियों को सौंपने की तैयारी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वर्ष 2024 में गाजियाबाद नगर निगम शहर वासियों को कई तोहफे देगा। महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक की माने तो नगर निगम आने वाले नए साल में पर्यावरण, खेलकूद, सौंदर्यकरण, स्मार्ट वर्किंग व अन्य पर कार्य तेजी से कर रहा है, शहर में बायोडायवर्सिटी पार्क, एंट्री गेट, गाजियाबाद 311 एप, आरटीएम एस व अन्य योजनाओं पर कार्य कर रहा है आगामी 2024 में शहर वासियों को सौंपने की तैयारी है1 महापौर व नगर आयुक्त ने बताया कि शहर में बायोडायवर्सिटी पार्क बनाने की तैयारी चल रही है। जिसके लिए शासन से आवश्यक स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। लगभग 60 एकड़ में बन रहे बायोडायवर्सिटी पार्क में शहर वासियों के लिए विशेष कवर्ड पब्लिक सीटिंग, कार पार्किंग, फॉरेस्ट रेस्टोरेंट, वॉच टावर, फिश पॉन्ड, पार्टी लॉन, अर्बन फॉरेस्ट, ग्रेसलैंड, व अन्य व्यवस्थाओं से सुसज्जित पार्क बनाया जा रहा है, उक्त पार्क को बनाने के लिए लगभग 17 करोड़ की लागत आएगी जिसके लिए किस-किस मद में व्यय होना है उसकी तैयारी पर कार्य चल रहा है।

**खास बातें**

- 17 करोड की लागत से 60 एकड़ में बन रहा बायोडायवर्सिटी पार्क
- 15 जनवरी तक गाजियाबाद नगर निगम की ओर से गाजियाबाद 311 एप की शुरुआत

### प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए व्यवस्थाओं से युक्त स्टेडियम



निगम शहर में खेल के मैदान को लेकर 2024 में विशेष कार्य करेगा। नगर आयुक्त ने बताया कि खेल परिसर बनाने की तैयारी चल रही है। शहर के खिलाड़ियों के लिए सभी तरह की व्यवस्थाओं से युक्त प्लेग्राउंड होगा, क्रिकेट, टेनिस, फुटबॉल, बैडमिंटन व अनेकों गेम्स के लिए पर्याप्त स्थान तथा प्रेक्टिस करने के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहेगी, जिसके लिए शासन से समन्वय चल रही है। इसी तरह निगम एंट्री गेट पर भी कार्य कर रहा है महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया शहर की सुंदरता को बढ़ाते हुए गाजियाबाद एंट्री पर भव्य और सुंदर एंट्री गेट बनाए जाएंगे, तिगड़ी गोल चक्कर की ओर से आने वाले एंट्री पर तथा यूपी गेट से आने वाली एंट्री पर भव्य सुंदर एंट्री गेट बनेंगे।

**सरकारी काम काज होगा आसान**

नए साल की शुरुआती माह में लगभग 15 जनवरी तक गाजियाबाद नगर निगम द्वारा गाजियाबाद 311 एप की शुरुआत भी की जाएगी, जिसके लिए सभी तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं कर्मचारी तथा शहर हित को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद 311 ऐप को बनाया गया है जिसके माध्यम से न केवल गाजियाबाद के निवासियों को सहूलियत मिलेगी बल्कि अधिकारी और कर्मचारियों को भी कार्य करने में आसानी रहेगी।

### ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को इंटीग्रेटेड किया जा रहा

इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर भी नगर आयुक्त के नेतृत्व में तैयारी जोरों से चल रही है जिसके क्रम में ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को इंटीग्रेटेड करने का कार्य चल रहा है जिसमें गाजियाबाद नगर निगम कंट्रोल सेंटर पर वर्किंग रहेगी, आईटीएमएस के माध्यम से ट्रैफिक को मैनेज करने की व्यवस्था की जाएगी जिसको गाजियाबाद नगर निगम कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाएगा।

फ्लाइंग स्क्वाड टीम ने किया दौरा

# गैरहाजिर कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही के दिए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्थानीय शहरी निकाय विभाग के डायरेक्टर यशपाल यादव द्वारा फ्लाईंग स्क्वाड टीम का गठन किया गया जिसमें गुरूग्राम नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त अमरदीप सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा फरीदाबाद नगर निगम के जोन-द्वितीय, ओल्ड जोन और उनके आसपास के क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें वहां पर उपस्थित समस्त कर्मचारियों की हाजिरी की जांच की और मेकर आई.डी. पर सिटीजन द्वारा लगाए गए ओब्जेक्शनों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के कर्मचारियों में कुलदीप लिपिक, धनवर्षा सेवादार, अश्विनी लिपिक अनुपस्थित पाए गए जिनके खिलाफ टीम ने कार्यवाही करने के आदेश दिए।

इसके अतिरिक्त फ्लाईंग स्क्वाड टीम ने रोज गार्डन और नगर निगम फरीदाबाद की विज्ञापन शाखा के विभिन्न दस्तावेज व नगर निगम फरीदाबाद के क्षेत्र में मध्यस्थता न्यायालय में चल रहे केस की विज्ञापन साईट का मुआयना किया व प्राप्त राशि की व इनसे संबंधित दस्तावेजों की छानबीन की जिसके सभी दस्तावेज नगर निगम फरीदाबाद द्वारा उपलब्ध कराये गये।

रोज गार्डन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने किए हुए कार्यो की समीक्षा की, उनसे संबंधित दस्तावेज भी नगर निगम द्वारा उनको उपलब्ध करवाए गए।

इस अवसर पर नगर निगम के अधीक्षण अभियंता ओमबीर, कार्यकारी अभियंता ओमदत्त, सर्कल हैड ड्राफ्टमैन राजेश नंदन, जोन-द्वितीय के क्षेत्रिय एवं कराधान अधिकारी पदम सिंह ढाड़ा भी उपस्थित थे।

# एसएसबी अस्पताल ने मैत्री क्रिकेट में ईएसआईसी को हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-86 स्थित स्लेज हैमर क्रिकेट अकैडमी में खेले गये एक मैत्री मुकाबले में एसएसबी अस्पताल की टीम ने ईएसआईसी ऑफिस की टीम को हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ईएसआईसी ऑफिस की टीम 8 विकेट खोकर मात्र 121 रन बना पाई। एसएसबी हॉस्पिटल की तरफ से हरीश और अंकित ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट हासिल की, जबकि रमन, दीपक और संदीप को 1-1 विकेट हासिल हुई। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसएसबी हॉस्पिटल की टीम ने 4 विकेट खोकर जीत हासिल की। एसएसबी की तरफ से पारस भाटिया ने 32 रन और प्रिंस ने 28 रन का योगदान दिया। एसएसबी के पारस भाटिया को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एसएसबी टीम के कैप्टन रमन अरोड़ा को विजेता ट्रॉफी दी गई।

# हत्या की फिराक में घूम रहे 3 नशेड़ी को पुलिस ने किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-9 थाना पुलिस ने हत्या की फिराक में घूम रहे तीन नशेड़ियों को काबू किया है। आरोपियों ने एक व्यक्ति की हत्या करने की योजना बनाई थी। वारदात को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया। आरोपी महंगा नशा करने के आदी हैं और नशे की खेप सप्लाई करते हैं।



वह मुख्य रूप से दिल्ली व एनसीआर में रहने वाले नाइजीरियन को नशे की आपूर्ति कराते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 22 ग्राम से अधिक हेरोइन सहित, देसी कट्टा व कारतूस बरामद किया है।

एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने बताया कि सेक्टर-9 थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन युवक एक हत्या की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस पर सेक्टर-9 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप अहलावत की अगुवाई में हेड कांस्टेबल कुलदीप के साथ एक टीम का गठन किया गया और पुलिस ने रेड कर तीनों आरोपियों को काबू किया।

जिनकी पहचान शुभम, प्रशांत पंवार और भक्ति लामा के रूप में हुई। भक्ति लामा मूल रूप से वेस्ट बंगाल का रहने वाला है और काफी लंबे समय से गुडग़ांव में ही रहता है। इस पर संगीन मामलों के 8 केस दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल रहे मुख्य अतिथि

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में 995 पात्रों को मिला योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मोहन नगर जोन शालीमार गार्डन स्थित सेंट मैरी स्कूल तथा राजेंद्र नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में सफलतापूर्वक आयोजित हुए। पहले चरण में कार्यक्रम नेशनल पब्लिक स्कूल में हुआ जिसमें 511 लाभार्थियों की संख्या बढ़ी मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुनील शर्मा उपस्थित हुए। इसी प्रकार दूसरे चरण में सेंट मैरी स्कूल शालीमार गार्डन में कार्यक्रम हुआ जिसमें 484 लाभार्थियों की संख्या बढ़ी मुख्य अतिथि के रूप में अनिल अग्रवाल राज्यसभा सांसद उपस्थित हुए।




अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम 28 दिसम्बर को मोहन नगर जोन अंतर्गत केईसी कॉलेज मोहन नगर, कोर्णाक पब्लिक स्कूल शालीमार गार्डन में होगा, जिसमें केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं की कैंप लगेंगे संबंधित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कार्यक्रमों आकर कैंप पर संपर्क कर सकते हैं। गाजियाबाद नगर निगम की टीम में क्षेत्र वासियों के सहयोग से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हो रहे हैं।

कोई न छूटे शिक्षा है सबका अधिकार

# हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर अधिकार दिलाने के लिए प्रयासरत 'शिक्षा एक अभियान' ट्रस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद स्थित भारत कॉलोनी में सामाजिक संस्था शिक्षा एक अभियान ट्रस्ट द्वारा गरीब, जरूरतमंद 185 बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। ट्रस्ट में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों से एसी सिस्टम डिवीजन की टीम से एलजी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट संजीव सेठ ने मुलाकात कर निरीक्षण किया। सेठ ने कहा कि शिक्षा सबका अधिकार है और इसको शिक्षा एक अभियान ट्रस्ट जिस खूबी से गरीब व जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचा रहा है, जो एक सराहनीय कदम है। जिसमें एलजी इस अभियान में ट्रस्ट के साथ है।

इस मौके पर एलजी के प्रोडक्ट हेड अखिलेश ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल देश का भविष्य बनेगें। इन बच्चों में से कोई इंजीनियर, डॉक्टर, आइएएस, आइपीसी बनकर देश की सेवा करेगें।

### बच्चे किसी भी तरह की कर सकते हैं पढ़ाई




इस मौके पर समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने ट्रस्ट का हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर शिक्षा एक अभियान की टीम की संस्थापक नीलम शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। संस्थापक नीलम शर्मा ने कहा कि शिक्षा एक अभियान की टीम शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। वह शिक्षा से वंचित बच्चों के माता-पिता से मुलाकात कर उन्हें अपने ट्रस्ट में निशुल्क पढ़ाने के लिए भेजने के लिए समझाता है ताकि कोई भी मासूम शिक्षा के अभाव में न रहे। इस अवसर पर शिक्षा एक अभियान ट्रस्ट से राधा गुप्ता, विजय लक्ष्मी, सारिका शर्मा, मनीषा, नीलम शर्मा, राहुल शर्मा, सुधीर मेहता के अलावा अन्य गणमान्य साथी मौजूद रहे।

आरोपियों ने लाखों का नुकसान पहुंचाया था

# आत्महत्या के एक महीने बाद मिला सुसाइड नोट, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में परिजनों को एक महीने बाद सुसाइड नोट मिला है। इसमें कुछ लोगों के नाम लिखे हुए हैं। इसी के आधार पर अब सारन थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

सारन में रहने वाले विकास नैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता सतबीर नैन ने 22 नवंबर 2023 को जवाहर कालोनी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उस समय पुलिस को बताया गया था कि पिता बीमारी की वजह से परेशान रहते थे। मधुमेह रोग की वजह से पिता की टांग काटनी पड़ गई थी।

▶ सतबीर नैन 22 नवंबर को टिबंर कारोबारी जवाहर कॉलोनी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी

पिता का सैटरिंग, विकास टिंबर ट्रेडिंग के नाम से कारोबार था। इसका कार्यालय व गोदाम जवाहर कॉलोनी में था। यहीं पर पिता ने आत्महत्या की थी। 18 दिसंबर को वह अपने ताऊ चौ. भजनलाल नैन, भाईयों के साथ पिता के कार्यालय व गोदाम पर गए। वहां उनके कार्यालय में रखे दस्तावेज देख रहे थे। तभी एक फाइल में कागज देखा।




कागज पर उनके पिता की लिखाई व हस्ताक्षर थे। वह सुसाइड नोट था। सुसाइड नोट से पता चला कि रूपचंद लांबा, संदीप लांबा और बिजेंद्र लांबा, दलवती व एक अन्य व्यक्ति लखन लांबा ने पिता को अपने जाल में फंसाकर लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाया और लाखों रुपए का गबन कर लिया।

इससे पिता मानसिक रूप से परेशान हो गए। इस कारण उनके पिता सतबीर नैन ने आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में पैसों के लेन-देन का पूरा ब्योरा है। सभी आरोपी मुजेसर व सेक्टर नौ के रहने वाले हैं। इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पारा शिक्षकों का सड़क पर फूटा गुस्सा

वेतनमान को लेकर एक बार फिर से झारखंड के पारा शिक्षक आंदलन कर रहे हैं। इन्होंने राजभवन के आगे धरना दिया सीएम आवास घेरने की कोशिश की। हालांकि सुरक्षाबलों ने इन्हें आग बढ़ने नहीं दिया।

# सीएम आवास घेराव करने के दौरान राजभवन के पास पुलिस ने रोका,झड़प

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के सरकारी स्कूलों में कार्यरत जेटेट (झारखंड टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट) उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों ने रांची में सीएम आवास घेरने की कोशिश की। मोरहाबादी मैदान से निकलकर सीएम आवास की तरफ बढ़ रहे शिक्षकों को राजभवन के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। बैरिकेडिंग को लांघने की कोशिश के दौरान उनकी पुलिस से उनकी झड़प भी हुई। इससे नाराज आंदोलित शिक्षकों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और लगभग एक घंटे तक सड़क पर जमे रहे। सीएम हाउस के घेराव के लिए राज्य भर से हजारों शिक्षक इकट्ठा हुए थे। वे ग्रेड वेतनमान देने और सेवा को स्थायी करने की मांग कर रहे हैं।



### ग्रेड पर नियुक्ति की मांग को लेकर 4 माह से धरना दे रहे शिक्षक

उल्लेखनीय है कि आंदोलित शिक्षक राजभवन के समक्ष जत्थेवार तरीके से पिछले चार महीनों से लगातार धरना दे रहे हैं। आंदोलित सहायक प्राध्यापकों का कहना है कि राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था वही संभाल रहे हैं। सरकारी स्कूलों में नियमित शिक्षकों की संख्या बहुत ही कम है, लेकिन इसके बाद भी सहायक प्राध्यापकों के साथ सरकार उपेक्षापूर्ण व्यवहार कर रही है। जेटेट उत्तीर्ण जिन शिक्षकों की नियुक्ति वर्ष 2012 में प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली के आधार पर हुई, उनकी नियुक्तियां ग्रेड पे के आधार पर हुई, लेकिन उसी नियमावली के तहत 2016 में जिन जेटेट पास अभ्यर्थियों की सहायक प्राध्यापक के तौर पर नियुक्ति हुई, उन्हें 21 हजार से लेकर 22 हजार 500 रुपए का फिक्स वेतन दिया जा रहा है। महंगाई के इस दौर में इतने कम वेतन पर काम करना मुश्किल है। धरना दे रहे अध्यापकों ने कहा कि उन्हें पहले राज्य की भाजपा की सरकार ने ठगा और अब झामुमो के नेतृत्व वाली महागठबंधन की सरकार भी उनकी वाजिब मांग पर ध्यान नहीं दे रही है। यह सरकार युवाओं को रोजगार का भरोसा देकर सत्ता में आई थी, लेकिन उसने अपने वादों को भूला दिया। झारखंड राज्य टेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति के प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल मिला था, उन्होंने उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन भी दिया था, लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग आदिवासी गैंगरेप, गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी में क्रिसमस की रात चर्च से लौट रही एक नाबालिग आदिवासी छात्रा से गैंगरेप की वारदात हुई। इसकी जानकारी



मिलते ही पुलिस एक्शन में आ गई। वारदात के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनमें एक महिला भी शामिल है। थाना प्रभारी विक्रांत कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

### केसरिया घूंघट पर परिवार समुदाय ने प्रताड़ित किया

**कानपुर।** जिले की एक मुस्लिम महिला जब नकाब के ऊपर केसरिया रंग का स्टोल पहनती है तो



परिवार व समुदाय परेशान और अपमानित करते हैं। पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंची महिला ने कहा, 'मैं उत्पीड़न व संपत्ति विवाद को लेकर सीएम से मिलने गई थी। लोगों ने मुझसे कहा कि मैं अब हिंदू हूं , इसलिए शरिया कानून के अनुसार मैं सहायता के पात्र नहीं हूं।'

### जनवरी से यूपी दौरे पर जा सकती हैं मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों का



जायजा लेने अगले महीने से यूपी का दौरा शुरू कर सकती हैं। यूपी व उत्तराखंड ऐसे दो राज्य हैं, जिनकी देखरेख मायावती खुद करेंगी, जबकि अन्य राज्यों में पार्टी ने प्रभारी और समन्वयक नियुक्त कर दिए हैं । दौरे से उन्हें जमीनी स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधे फीडबैक मिलने की उम्मीद है।

## सीएम योगी ने सिर पर श्रीगुरु ग्रंथ साहिब रखकर किया स्वागत

# साहिबजादों के बलिदान की गाथा हर बच्चे और युवा को सुनाई जानी चाहिए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है। गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों ने धर्म और देश की रक्षा के लिए हंसते-हंसते प्राणों की आहुति दे दी। यह इतिहास युवा पीढ़ी तक पहुंचानी होगी ताकि वे अपने बलिदानियों की गौरवगाथा के बारे में जानें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीएम आवास में आयोजित विशेष संकीर्तन कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे।

इससे पहले सीएम ने अपने आवास में गुरु ग्रंथ साहिब का स्वागत -अभिनंदन किया। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को सिर-माथे पर धारण कर उन्हे मुख्यमंत्री आवास में आसीन कराया। सीएम आवास में गुरुवाणी, अरदास व लंगर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री को प्रदेशभर से आए सिख प्रतिनिधियों की ओर से सिरोपा भेंट किया गया। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक मंडल और जनपद स्तर पर वीर बालकों का सम्मान किया जाना चाहिए। साथ ही प्रदेश में सिख गुरुओं से संबंधित सभी स्थलों को चिह्नित करते हुए उनके विकास के लिए कार्य किए जाएंगे।

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएम आवास पर विशेष संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया। योगी ने गुरु ग्रंथ साहिब को सिर-माथे पर धारण कर उन्हे मुख्यमंत्री आवास में आसीन कराया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है। गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्र धर्म और देश की रक्षा के लिए हंसते-हंसते प्राणों की आहुति दे दी। यह इतिहास युवा पीढ़ी तक पहुंचानी होगी, ताकि वे अपने बलिदानियों की गौरवगाथा के बारे में जानें।

**खास बातें**

- प्रदेशभर से आए सिख प्रतिनिधियों की ओर से सीएम योगी को सिरोपा भेंट किया गया
- प्रत्येक मंडल और जनपद स्तर पर वीर बालकों का सम्मान किया जाना चाहिए

### परिवार के लिए नहीं था सिख गुरुओं का बलिदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का बलिदान व्यक्तिगत या परिवार के लिए नहीं



था, बल्कि उनका बलिदान देश व धर्म के लिए था। गुरु नानक भक्ति में रमे हुए एक संत थे। निर्भीकता उनका गुण था। बाबर को चुनौती देने का कार्य उन्होंने किया था। सिख गुरुओं ने कभी स्वयं के लिए नहीं सोचा। देश के अलग अलग क्षेत्रों में गुरुओं द्वारा कई परंपराएं शुरू की गई। कहीं लंगर की परंपरा शुरू हुई तो कहीं सरोवरों के माध्यम से नई प्रेरणा प्रदान की गई। गुरु अर्जन देव ने जहांगीर के अत्याचारों का डटकर मुकाबला किया। तो कश्मीरी पंडितों पर होने वाले वाले अत्याचारों के खिलाफ गुरु तेग बहादुर ने स्वयं को बलिदान कर दिया। गुरु गोविंद सिंह जो एक बलिदानी पिता के पुत्र हैं और अपने चार पुत्रों को भी उन्होंने देश और धर्म के लिए बलिदान कर दिया।

### 'चार हुए तो क्या हुआ, जीवित हुए हजार'

सीएम योगी ने गुरु गोविंद सिंह जी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने चार-चार पुत्र देश और धर्म की रक्षा करते हुए बलिदान कर दिए। जब गुरु गोविंद सिंह जी से पूछा गया कि आपके चार पुत्र शहीद हुए, उस समय उनके मुख से यही निकला था कि चार हुए तो क्या हुआ, जीवित हुए हजार। ऐसे कार्यक्रम उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर हैं।

## जेडीयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी 29 को

# अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह



एजेंसी ▶▶ पटना

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सूत्रों के हवाले से खबर है कि 29 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ललन सिंह इस्तीफा देंगे। वहीं राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नीतीश कुमार एक बार फिर से पार्टी के अध्यक्ष पद की कमान संभालेंगे। ललन सिंह के इस्तीफे की खबर की अब तक आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव से पहले बने विपक्षी दलों के गठबंधन में जेडीयू भी शामिल है। गठबंधन के दलों के बीच सीटों के बंटवारे, नेताओं के बीच बातचीत समेत कई ऐसी जिम्मेदारी हैं, जो ललन सिंह को सौंपी जा सकती हैं।

### नीतीश कुमार संभाल सकते हैं पार्टी की कमान?

बताया जा रहा है कि ललन सिंह के इस्तीफे के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी नीतीश कुमार अपने पास ही रख सकते हैं। अगर रामनाथ ठाकुर समेत किसी बड़े नेता को अध्यक्ष बनाया गया तो पार्टी नेताओं को अंदर विरोधाभास हो सकता है। इसीलिए ऐसा माना जा रहा है कि नीतीश कुमार अपने पास ही पार्टी के अध्यक्ष पद की कमान रख सकते हैं।

## रामनगरी में कंकड़-पत्थर भी सुनाएंगे प्रभु श्रीराम की गौरवगाथा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले पूरे क्षेत्र के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है। 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से पूर्व श्रीराम जन्म भूमि मंदिर को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर रामायण काल के प्रमुख प्रसंगों का मनमोहक चित्रण कराने की दिशा में सरकार के प्रयासों में तेजी लाई जा रही है।

अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) की श्रीराम जन्मभूमि मंदिर



की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को टेराकोटा फाइन क्ले म्यूरल कलाकृतियों से सजाने की प्रक्रिया जारी है। वहीं, दूसरी ओर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को कंकड़-पत्थर से बनी कलाकृतियों से सजाने का कार्य भी शुरू कर दिया है।

## सिपाही भर्ती में सभी वर्गों को आयु सीमा में मिलेगी तीन साल की छूट

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने का आदेश दिया है। अभ्यर्थियों द्वारा आयु सीमा में छूट की मांग का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि आयु सीमा में छूट देने के लिए कई जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद सामान्य वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिनकी 18 वर्ष से अधिक हो, लेकिन 25 वर्ष पूरी न हुई हो, आवेदन कर सकेंगे। इसी तरह 28 वर्ष से कम उम्र की महिलाएं और 30 वर्ष से कम उम्र के अन्य वर्गों के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

## विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला के स्विस कॉटेज में 19 विदेशी सहित 96 सैलानी पहुंचे

एजेंसी ▶▶ हाजीपुर

कार्तिक पूर्णिमा से करीब एक महीने तक चलने वाला विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला में इस साल बनाए गए स्विस कॉटेज में अब तक 19 विदेशी पर्यटक समेत कुल 96 सैलानी पहुंचे। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए कॉटेज में वियतनाम, फ्रांस, इटली, इजरायल, जर्मनी के सैलानी पहुंचे।

इसके अलावा कई देशी पर्यटक भी कॉटेज में ठहरे और व्यवस्था देखकर काफी खुश हुए। इस साल ग्रामीण



परिवेश का एहसास कराने वाले 20 कॉटेज तैयार कराए गए, जिसमें सारी आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई गई थी।

प्रबंधक मुकेश कुमार ने बताया कि कॉटेज विदेशी सैलानियों के साथ-साथ हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला घूमने आए आम जनों को भी अपने आकर्षक अंदाज से लुभा रहा है। दिल्ली, गाजियाबाद, कोलकाता समेत देश के अन्य कई राज्यों से 77 भारतीय सैलानी यहां पहुंचे थे।

राजस्थानी शैली और भारतीय ग्राम्य संस्कृति की झलक से ओतप्रोत यहां सैलानियों के लिए 20 कॉटेज बनाए गए। पर्यटन विभाग के सौजन्य से निर्मित इस स्विस कॉटेज परिसर में कदम-कदम पर लोक संस्कृति की झलक दिखाई पड़ रही है। एक महीने तक चलने वाला यह मेला अब अंतिम पड़ाव की ओर है।

## पेज एक का शेष

### जिसकी...'प्रेरणा'...

विश्वास आज के बच्चों, आज के नौजवानों पर है। भविष्य के भारत के कर्णधार यही बच्चे हैं। अभी यहां जिन बच्चों ने मार्शल आर्ट्स का प्रदर्शन किया है, उनका अद्भुत कौशल दिखाता है कि भारत के वीर बालक-बालिकाओं का सामर्थ्य कितना ज्यादा है। गौर हो कि वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के बेटों की शहादत की याद में मनाया जाता है। पिछले साल नौ जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री ने यह घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों- साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में 'वीर बाल दिवस' मनाया जाएगा। भारत मंडपम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर और मीनाक्षी लेखी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### जम्मू और कश्मीर ...

वहीं, आरक्षण अधिनियम के जरिए राज्य की आरक्षण नीति में व्यापक बदलाव किया गया है। आरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत देश के दूसरे राज्यों की तरह ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भी ओबीसी, एससी, एसटी और सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण की व्यवस्था की गई है। खास बात यह है कि मुस्लिम गुर्जरों के विरोध को सिरे से नकारते हुए पहाड़ी समुदाय से जुड़ी कई जातियों को भी एसटी का दर्जा दिया गया है। सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग में दोनों केंद्र शासित प्रदेशों के पिछड़े घोषित किए गए गांवों, वास्तविक नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को शामिल किया गया है।

### नर्सरी में प्रवेश के लिए ...

अनुच्छेद 200 के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। अनुच्छेद 200 में किसी राज्य की विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी के लिए प्रस्तुत करने की प्रक्रिया का उल्लेख है। राज्यपाल या तो विधेयक पर सहमति दे सकते हैं, अनुमति रोक सकते हैं या विधेयक को भारत के राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख सकते हैं। राज्यपाल विधेयक को विधानसभा के पुनर्विचार के लिए वापस भी कर सकते हैं।

**कोर्ट ने कहा था, कानून बनाने नहीं दे सकती निर्देश:** शीर्ष अदालत ने 13 अक्टूबर को एनजीओ की याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि वह कानून बनाने के लिए निर्देश नहीं दे सकती। उससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने एनजीओ की जनहित याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि वह विधायी प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकता और उपराज्यपाल को दिल्ली स्कूल शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2015 को या तो मंजूर करने या वापस करने का निर्देश नहीं दे सकता।

### भारत में आए थे 60 ...

सामने आए थे। म्यूकोर्मिकोसिस के फंगस चेहरे के उतकों को नष्ट कर विकृति पैदा कर सकते हैं। अधिक गंभीर मामलों में मरीज अपनी नाक, आंखें या यहां तक कि अपना पूरा चेहरा खो सकते हैं। इतना ही नहीं ऐसे अहम अंगों के बुरी तरह प्रभावित होने से मरीज के लिए सांस लेना, खाना और बात करना भी कठिन हो सकता है। कुल मिला कर उनके लिए जीना मुहाल हो जाता है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए सख्त निर्देश

# वाराणसी, अयोध्या व मथुरा में अब मंदिरों के आस-पास नहीं बन सकेंगी ऊंची इमारत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें गोरखपुर, वाराणसी, मथुरा-वृन्दावन के सुनियोजित विकास के लिए संबंधित विकास प्राधिकरणों द्वारा तैयार जीआईएस बेस्ड महायोजना-2031 का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सीएम ने कहा कि जिन नगरों की पहचान मंदिरों अथवा अन्य प्रतिष्ठित भवनों से है, उनकी प्राचीनता एवं ऐतिहासिकता को बनाये रखने के लिए उनके आसपास उस भवन या मंदिर से अधिक ऊंचाई वाले भवन की स्वीकृति नहीं दी जानी चाहिए। इस व्यवस्था को महायोजना में शामिल किया जाए। सीएम योगी ने अलग-अलग नगरों की महायोजना पर विचार करते हुए कहा कि, नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है. हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। शहर में इलेक्ट्रिक बसों को वरीयता दी जाए। परंपरागत ईंधन वाली बसों को यथासंभव नगर से बाहर ही रखा जाए. मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित किया जाए।

### आवास सेक्टर को विकसित करने के निर्देश



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की बनाने में आवास सेक्टर की बड़ी भूमिका है। स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन तथा इंडस्ट्रियल क्षेत्र के समीप नई टाउनशिप का विकास जरूर हो। आज यूपी बड़े राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है। प्रदेश के हर शहर को ऐसे अवसर मिलें, इसके लिए अवस्थापना सुविधाओं का विकास जरूरी है। सभी विकास प्राधिकरणों में अंतराष्ट्रीय स्तर के कन्वेंशन सेंटर विकसित किए जाएं। विकास प्राधिकरणों को नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। नगर निगम के बाहर विस्तार लेना होगा। आय के नए स्रोत सृजित करें. गोरखपुर विकास क्षेत्र की वर्तमान जनसंख्या लगभग 14 लाख है और आने वाले 10 वर्षों मे यह जनसंख्या 25 लाख और 2047 तक यह जनसंख्या 50 लाख होने की संभावना है। एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य पूरा करने में गोरखपुर के साथ-साथ पूरा पूर्वांचल क्षेत्र एक अहम भूमिका निभा सकता है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें लघु और माध्यम स्तर के तकनीकी उद्यम को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

### टाउन प्लानर में युवाओं का चयन हो

सीएम ने कहा हर विकास प्राधिकरण में टाउन प्लानर की तैनाती की जाए. योग्य, दक्ष युवाओं का चयन करें, उन्हें प्रशिक्षण दें। आईआईटी अथवा राज्य सरकार तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों का सहयोग लिया जाना चाहिए। वाराणसी के रिंग रोड तक मास्टरप्लान को विस्तार दिया जाए। मथुरा-वृन्दावन में पर्यटक सुविधाओं को और बढ़ाया जाना आवश्यक है। यहां गोवर्धन व वृन्दावन परिक्रमा मार्ग का सुदृढ़ीकरण किया जाए।

### ग्रीन बेल्ट के लिए जगह आरक्षित

सीएम ने कहा कि प्रदेश के हर बड़े नगर में अपार संभावनाएं हैं। जीआईएस- 2023 में हर जनपद में बड़ा निवेश आया है। ऐसे में मथुरा-वृन्दावन, गोरखपुर, वाराणसी की महायोजना में मेडिसिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी, कन्वेशन सेंटर आदि के लिए स्पष्ट क्षेत्र चिन्हित करते हुए व्यवस्था को आगे बढ़ाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर नगर की महायोजना में 15-16% हरित क्षेत्र के लिए आरक्षित हो। जहां कहीं भी ग्रीन बेल्ट है, वहां किसी भी दशा में नई कॉलोनी न बसने पाए।



# ‘फाइटर’ का नया पोस्टर रिलीज नए साल पर होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म ‘फाइटर’ का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style

# पूजा हेगड़े



## शाहिद संग एक्शन थ्रिलर फिल्म में आएंगी नजर

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े को लीड फीमेल रोल के लिए चुना गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज़, ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं। जिनभी अभिनेताओं के साथ पूजा की जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं। पूजा हेगड़े ने कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, जिससे दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें। मैं शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूं; वह एक शानदार कलाकार हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारा सहयोग यादगार रहेगा।

## हॉलीवुड मसाला



# क्रिसमस समारोह में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसनें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नजर आ रहे हैं। दरअसल, 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री के आवास पर क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया था, जहां ईसाई समुदाय के कई लोग पहुंचे थे। इन्हीं सब के साथ डिनो भी इस समारोह का हिस्सा बने। अब अभिनेता ने 26 दिसंबर को इस समारोह की कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं।



# डिस्कवरी इंक की बॉक्स ऑफिस पर फिर वापसी

**लॉस एंजिलस।** छुट्टियों का मौसम ख़त्म होने और 2024 के शुरू होने के साथ ही हम जनता को सिनेमाघरों की ओर वापस आकर्षित करने के लिए सेट की गई प्रमुख मोशन पिक्चर्स पर प्रकाश डालते हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि छुट्टियों के मौसम में बॉक्स ऑफिस क्या लेकर आता है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी इंक की 15 दिसंबर की सफल शुरुआत के बाद आशावादी माहौल है। वोंका. उस फिल्म ने अपनी शुरुआती रात में 3.5 मिलियन डॉलर की कमाई की। सीएनबीसी की जूलिया बरस्टिन के अनुसार, उद्योग विश्लेषकों ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मजबूत आंकड़ों के साथ-साथ पहले सप्ताहांत में कुल बॉक्स ऑफिस बिक्री 40 मिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान लगाया है। ब्लॉकबस्टर बार्बी और ओपेनहाइमर ने परिवारों को सिनेमाघरों में वापस आकर्षित किया, और फिर टेलर स्विफ्ट के द एरास टूर म्यूजिकल के परिणामस्वरूप इस तिमाही की शुरुआत में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी।



# जैकी संग प्यार का किया इजहार...


**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता जैकी भगनानी ने 25 दिसंबर को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। जैकी के जन्मदिन पर रकुल ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कर अपने प्यार का इजहार किया है। इसके साथ उन्होंने नोट भी लिखा है। रकुल ने जैकी संग अपनी तस्वीरें साझा कर लिखा, ‘जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। इस जन्मदिन पर और हर दिन मैं कामना करती हूं कि आपको वह सब मिले जो आप चाहते हैं। आपकी दयालुता और मासूमियत मिलना दुर्लभ है।’ उन्होंने आगे लिखा, ‘आपके चुटकुले सबसे मूर्खतापूर्ण हैं, लेकिन मुझे यह मानना होगा कि आप मजाकिया हैं। भगवान आपकी रक्षा करें, क्योंकि आपके जैसे पुरुष बहुत कम हैं। रोमांच, सफर, खाना और हंसना है और हमें हमेशा साथ रहना है।’ इस खास मौके पर दुनियाभर में मौजूद प्रशंसकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



# विलेन बन खेसारी से लेंगे टक्कर...

**मुंबई।** अभिनेता आर्यन बब्बर भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म रेड्डी में सलमान खान से लोहा ले चुके आर्यन बब्बर अब टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्टरी के बैनर तले बन रही फिल्म राजाराम में मुख्य विलन की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में आर्यन, खेसारीलाल यादव से टक्कर लेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों गोरखपुर के खूबसूरत लोकेशन पर चल रही है, जिसके निर्देशक पराग पाटिल है। फिल्म की मुख्य भूमिका में खेसारी लाल यादव और राहुल शर्मा नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्माता पराग पाटिल और राकेश रौशन सिंह हैं। आर्यन बब्बर ने फिल्म राजाराम को लेकर कहा कि यह बड़े बैनर की फिल्म है और यह मेरे लिए बड़ी ऑपच्र्युनिटी है। फिल्म की कास्ट एंड क्रू बेहद उत्साहित करने वाली है।

## टीवी मसाला



# ‘कर्माधिकारी शनि देव’ में मिस्टर हिमाचल रवीज ठाकुर आएंगे नजर


*हिमाचल के होनहार रवीज ठाकुर ‘देवों के देव महादेव’ के प्रोड्यूसर निखिल सिन्हा के नए धारावाहिक ‘कर्माधिकारी शनि देव’ में पैरलल लीड में नजर आएंगे।*

**नई दिल्ली।** धारावाहिक का प्रोमो जल्द आएगा, धारावाहिक अगले महीने से शेमारू टीवी पर देखा जा सकेगा। धारावाहिक की शूटिंग मुंबई स्थित भजनलाल स्टूडियो में जारी है। संदीप मोहन रिवीज के पिता के रोल में नजर आएंगे। ‘दिव्य हिमाचल मीडिया ग्रुप’ के लोकप्रिय इवेंट ‘मिस्टर हिमाचल’ के विजेता रवीज ठाकुर ने मुंबई में बड़ी ख्याति हासिल की है।

सोनी टीवी के सीरियल ‘पोरस’ में रविज ठाकुर को सेल्यूकस निकेटर के किरदार में लोगों ने खूब पसंद किया। शिमला की रोहड़ू तहसील के रूंडा गांव के रविज ने हाल ही में मनोज बाजपेई के साथ एमेजॉन प्राइम का विज्ञापन किया। रविज का मानना है कि ‘मिस्टर हिमाचल’ के माध्यम से ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। रवीज इससे पहले दर्जनों सीरियल में काम कर चुके हैं। रवीज ठाकुर ने सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर से हासिल की है। वर्ष 2015 में ‘मिस्टर हिमाचल’ जैसे प्लेफार्म ने उनकी दिशा बदल दी। ‘मिस्टर इंडिया मैन हंट पेजेंट’ का खिताब हासिल करने के बाद जनवरी, 2016 में रवीज ने मुंबई का रुख किया, तो अपने हुनर के बूते सीरियल में काम करने का मौका मिला।

# ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3’ का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। डिज्नी+हॉटस्टार के आगामी शो ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान’ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान’ को ग्राफिक इंडिया द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारूवी अग्रवाल ने डिज्नी+हॉटस्टार के लिये इसे क्रिएट किया है, जिसकी स्ट्रीमिंग 12 जनवरी 2024 से शुरू होगी। इसमें रामायण की उन कालजयी कहानियों को प्रदर्शित किया गया है, जो हनुमान की गाथा को सामने लाती हैं।



### युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे : प्रोड्यूसर

द लेजेंड ऑफ हनुमान के क्रिएटर एवं एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शरद देवराजन ने कहा, द लेजेंड ऑफ हनुमान’ के सीजन 3 में हम अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाले निरंतर युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे, और दिखायेंगे कि कैसे अजर-अमर भगवान हनुमान भयानक अंधकार के बीच हमेशा जलने वाली आशा की ज्योति बन जाते हैं। इसमें पहली बार, लंका की महायुद्ध की भव्यता और देवताओं, दानवों, वनों में रहने वाले जीवों और महान योद्धाओं को उच्च गुणवत्ता वाले एनीमेशन के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### रावण का किरदार मुझे बचपन से पसंद रहा : केलकर

‘द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3’ में रावण को आवाज देने वाले, शरद केलकर ने कहा, मैं भगवान हनुमान के दिग्गज कारनामों के बारे में सुनते हुए बड़ा हुआ हूं और अब रावण के किरदार में इस कहानी का हिस्सा बनना किसी सपने के सच होने जैसा है। बचपन में रामायण की कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया था। मुझे रावण की तगड़ी हंसी बड़ा आकर्षित करती थी और उस हंसी ने सबको हमेशा रोमांचित किया। उस हंसी को पेश करना एक बड़ी चुनौती थी। डबिंग के दौरान मैं उस हंसी का बार-बार अभ्यास करता था; इतना कि मैं आसपास के क्रू मेंबर्स को चौंका देता था।

# अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म ‘सुल्तान मिर्जा’ का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। निर्देशक इकबाल बख्श ने लखनऊ पर एक समय राज किए हुए अंडरवर्ल्ड डॉन सुल्तान मिर्जा पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा बनाई है, जिसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। ओक़ाब इंटरनेशनल, रेड किंग फ़ल्मि प्रोडक्शन्स प्रेजेंट्स इस फ़ल्मि के निर्माता हिमायत अली हैं। इस फ़ल्मि को शान परफॉर्मिंग ग्रुप, आर आर रोकड़े प्रोडक्शन्स और वी जी फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनाया गया है। फ़ल्मि सुल्तान मिर्जा के सह निर्माता राजेश रोकड़े गेंदराज यादव एवं जावेद मीर खान हैं। इस फ़ल्मि



की कहानी दीपक भाटिया ने लिखी है, स्क्रीनप्ले और संवाद हिमायत अली का है। फ़ल्मि के सिनेमेटोग्राफर दिनेश आर पटेल एवं सन्तोष सिंह हैं। फ़ल्मि में मारधाड़ जावेद आर शेख का है , कोरियोग्राफर दिलीप मिस्त्री हैं। फ़ल्मि सुल्तान मिर्जा के मुख्य कलाकार साहिल अख़्तर खान, श्वेता दुबे, हिमायत अली, ज़रीना वहाब, दीपक भाटिया, यशपाल शर्मा, अनंत जोग, सिकन्दर खान, देव गिल हैं।

## अभिषेक बच्चन ने कहा- फिल्मफेयर में जाकर मिली पहली फिल्म

# अभिषेक ने सुनाया पहली फिल्म मिलने का किस्सा

अभिषेक बच्चन ने 2000 में निर्देशक जेपी दत्त की फिल्म ‘रिफ्यूजी’ से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी, लेकिन ये सफर उनके लिए इतना आसान नहीं था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में अभिषेक ने करियर की शुरुआती दिनों को याद कर पहली फिल्म ‘रिफ्यूजी’ मिलने का किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि पिता अमिताभ बच्चन के व्यवसाय के ध्वस्त होने के बाद वह अमेरिका से वापस भारत लौटे और प्रोडक्शन सहायक व सहायक निर्देशक के तौर पर काम करने लगे थे।

### दिवालिया हो गए थे अमिताभ

दरअसल, अमिताभ ने एबीसीएल नाम की कंपनी खोली, जो फिल्म प्रोडक्शन, डिस्ट्रीब्यूशन और इवेंट मैनेजमेंट का काम करती थी। हालांकि, कंपनी पर करोड़ों रुपये का कर्ज हो गया और अभिनेता दिवालिया हो गए। बाद में अभिनेता को काम मिलने लगा और उन्होंने कर्ज उतार दिया।



### कोई नहीं करना चाहता था अमिताभ के बेटे को लॉन्च

एक बातचीत में अभिषेक ने बताया कि वह हमेशा से अभिनेता बनना चाहते थे और इसलिए उन्होंने कई निर्देशकों से मुलाकात की, लेकिन कोई भी अमिताभ के बेटे को लॉन्च करने की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता था। ऐसे में अभिषेक और उनके दोस्त ने स्क्रिप्ट खुद लिखने का फैसला किया, लेकिन वह भी आगे नहीं बढ़ पाई। हालांकि, एक दिन अमिताभ ने अभिषेक को फिल्मफेयर पुरस्कारों में साथ चलने के लिए आमंत्रित किया, जिसके बाद उनका जीवन बदला।

### बहन की शादी की शेरवानी पहन फिल्मफेयर में पहुंचे थे अभिषेक

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जाने के लिए महीनों पहले से योजना बनाई जाती थी कि क्या पहनना है क्योंकि उन दिनों कपड़े खरीदने पड़ते थे। अभिषेक ने कहा, मुझे नहीं पता था कि क्या पहनूं और अब अजीब लगता है, लेकिन मेरे पास इतने कपड़े भी नहीं थे। हम उस समय एक कठिन दौर से गुजर रहे थे और खर्चा नहीं कर सकते थे। ऐसे में अभिनेता अपनी बहन की शादी वाली शेरवानी पहनकर फिल्मफेयर में गए थे।

### पुरस्कार समारोह के 2 दिन बाद ही मिल गई फिल्म

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जेपी दत्ता को फिल्म ‘बॉर्डर’ के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला था और जब वह मंच से नीचे जा रहे थे तो उनकी नजर अभिनेता पर पड़ी। इसके 2 दिन बाद ही निर्देशक ने अभिषेक से मिलने के लिए कहा और ऐसे अभिनेता को उनकी पहली फिल्म ‘रिफ्यूजी’ मिल गई। इस फिल्म में अभिषेक के साथ करीना कपूर नजर आई थीं, जो भी बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही थीं।

### इस फिल्म में दिखेंगे अभिषेक

अभिषेक हाल ही में सैयामी खेर के साथ फिल्म ‘घूमर’ में नजर आए थे, जिसमें वह एक पूर्व खिलाड़ी और कोच के किरदार में दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे। ये फिल्म जी5 पर देखी जा सकती है। अब अभिनेता अजय देवगन की फिल्म ‘भोला’ के अगले भाग में नजर आ सकते हैं, जिसमें वह एक अहम किरदार निभाएंगे। इसके अलावा अभिनेता की फिल्म ‘दसवीं’ के सीक्वल को लेकर भी खबरें आ रही थीं, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई।


मंत्री विश्वास सारंग शपथ लेने के बाद सीधे खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना की। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों से मंत्री सारंग का स्वागत किया और आतिशबाजी की।


मंत्री कृष्णा गौर शपथ लेने के बाद अपने घर पहुंचीं। यहां कार्यकर्ता और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके साथ ही महिला कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों पर थिरकीं और जमकर आतिशबाजी की।


मंत्री पद की शपथ लेने के पूर्व ग्वालियर से भाजपा विधायक प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पैरों में पूरी तरह झुककर प्रणाम किया।

# 28 मंत्रियों में चैतन्य काश्यप सबसे ज्यादा अमीर, विधायक के तौर पर मिलने वाले सैलरी-भत्ते भी नहीं लेते, सबसे कम गौतम टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मोहन सरकार के नए मंत्रिमंडल का गठन हो गया है। सबसे ज्यादा अमीर मंत्रियों की सूची में नंबर एक पर चैतन्य काश्यप है। हालांकि चैतन्य काश्यप दूसरी बार के विधायक हैं और उन्होंने विधायक बनने के बाद से ही सैलरी और भत्ते लेने से इनकार कर दिया है। कई कारोबार से उनकी कुल संपत्ति 300 करोड रुपए से ज्यादा है।

पिछले दिनों विधानसभा सत्र के दौरान अध्यक्ष को पत्र लिखते हुए निवेदन किया था कि उन्हें मिलने वाली सैलरी का सही इस्तेमाल विकास कार्य और जनकल्याण योजनाओं के लिए किया जाए। वहीं गौतम टेटवाल सबसे गरीब मंत्रियों में शुमार है। उनकी कुल संपत्ति 89 लाख रुपए है और आय का स्रोत पेंशन है। खास बात है कि अधिकांश मंत्रिमंडल के सदस्यों की किसानी और कारोबार से होती है। भोपाल के गोविंदपुरा से दूसरी बार बनी विधायक कृष्ण गौर की 10 करोड़ रुपए की संपत्ति है। उन्होंने बताया कि संपत्ति की आय का जरिया समाज सेवा है। इसी तरह इंदौर एक से विधायक और मंत्री कैलाश विजयवर्गी की संपत्ति 14 करोड रुपए है उन्होंने अपनी संपत्ति की आय के पीछे समाज सेवा बताई है। चितरंगी से विधायक बनी राधा सिंह मंत्री बन गई है, उनकी संपत्ति 6 करोड रुपए है। कृषि कारोबार और गैस एजेंसी है।

## कैबिनेट में अधिकांश किसान और कारोबारियों को मिली जगह

कैलाश, कृष्णा गौर की समाज सेवा से 10 करोड़ की संपत्ति







| मंत्री | संपत्ति |
| --- | --- |
| कैलाश विजयवर्गीय | 14 करोड रुपए |
| तुलसीराम सिलावट | 14 करोड रुपए |
| एंदल सिंह कंसाना | 2 करोड रुपए |
| नागर सिंह चौहान | 2 करोड रुपए |
| इंदर सिंह परमार | 7 करोड रुपए |
| चैतन्य काश्यप | 300 करोड़ |
| विजय शाह | 17 करोड़ |
| निर्मला भूरिया | 2 करोड़ |
| लखन पटेल | 4 करोड़ |
| गौतम टेटवाल | 89 लाख |
| नारायण पवार | 3 करोड़ |
| दिलीप अहिरवार | 6 करोड़ |
| प्रतिमा बागरी | 6 करोड़ |
| नरेंद्र शिवाजी पटेल | 6 करोड़ |
| राकेश शुक्ला | एक करोड़ 70 लाख |
| राकेश सिंह | 4 करोड़ |
| राधा सिंह | 6 करोड़ |
| विश्वास सारंग | 18 करोड़ |
| गोविंद सिंह राजपूत | 14 करोड़ |
| तुलसी सिलावट | 14 करोड़ |
| कृष्णा गौर | 10 करोड़ |
| संपतिया उईके | 9 करोड़ |

### मंत्रियों में अहिरवार, पवार दसवीं, कंसाना आठवीं पास

मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंत्रिमंडल में 28 मंत्री बनाए गए हैं। अठारह ने कैबिनेट और 10 ने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। तेरह मंत्रियों की उम्र 60 साल से ज्यादा है। सीहोर जिले की इछावर सीट से विधायक करण सिंह वर्मा (68) सबसे उम्रदराज मंत्री हैं। सतना जिले की रैगांव सीट से विधायक प्रतिमा बागरी (35) सबसे कम उम्र की मंत्री हैं। सात मंत्री 12वीं क्लास तक पढ़े हैं। 21 मंत्री ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट हैं। एदल सिंह कंसाना ने सबसे कम 8वीं क्लास तक पढ़ाई की है। दिलीप अहिरवार और नारायण पंवार दसवीं तक पढ़े हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी के विजन को करेंगे पूरा और मध्यप्रदेश का डेवलपमेंट करेंगे: विजयवर्गीय

**मंत्री काश्यप बोले - देश विदेश के उद्योगपतियों को हम रतलाम में निवेश के लिए बुलाएंगे**



मंत्री पद की शपथ लेने के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मंत्री पद मिला है। अब मध्यप्रदेश का विकास करना है। काम करना है। मोदी के विजन को हम पूरा करने का काम करेंगे। मध्यप्रदेश का डेवलपपमेंट करेंगे। देश को नंबर वन बनाने का मोदी जी का जो संकल्प है उसे पूरा करेंगे। कई सीनियर नेताओं और पूर्व मंत्रियों को मंत्रिमंडल में जगह न मिल पाने पर विजयवर्गीय ने कहा कि सबको मंत्री पद नहीं मिलता है। विजयवर्गीय ने कहा कि 15 परसेंट बनाना है तो कुछ लोगों को छोड़ना भी पड़ता है और कुछ नए लोगों को जोड़ना होता है। इसलिए आप लोग ज्यादा चिंता मत करिए संतुलित टीम है, बहुत अच्छा काम करेंगे।

### लोकसभा में हम सभी सीटें जीतेंगे: चौहान

मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा जो आदिवासी सीटें हम विधानसभा चुनाव में हारे हैं। अब उन पर फोकस है। लोकसभा में छह आदिवासी सीटें हम मध्य प्रदेश से जीतेंगे। लोकसभा चुनाव में इस बार मध्य प्रदेश की सारी सीटें हम जीतेंगे।

### मेरे मंत्री बनने से रतलाम को लाभ होगा: काश्यप

मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा मेरे मंत्री बनने से रतलाम को लाभ होगा। देश विदेश के उद्योगपतियों को हम रतलाम में निवेश के लिए बुलाएंगे। रतलाम शहर में आगे बढ़ने की काफी संभावनाएं हैं।

### जनता की सेवा ही हमारा लक्ष्य होगा: संपतिया

पहली बार मंत्री बनी संपतिया उईके ने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री खुद को प्रधानमंत्री के बजाय चौकीदार कहते हैं, तो हम भी मंत्री के बजाय खुद को सेवक के रूप में मानते हैं। जनता की सेवा ही हमारा लक्ष्य होगा।

### उद्योग खुलवाने की रहेगी कोशिश: पवार

मंत्री नारायण सिंह पवार ने कहा कि मंत्री बनने के बाद मेरा जोर मेरे विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास पर रहेगा। सड़क, पानी बिजली की मूलभूत सुविधाओं के अलावा कोशिश रहेगी कि क्षेत्र में उद्योग खुले।



### बचपन वाले मंत्रियों से मिलेगी सीख: पटेल

मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि मंत्रिमंडल में ऐसे अनुभवी नेता हैं, जिन्हें हमने बचपन से पार्टी का काम करते देखा है। उसका लाभ सरकार को होगा। हम जैसे नए मंत्रियों को भी काम सीखने का मौका मिलेगा। मैं भाजपा के पोलिंग बूथ पर काम करता था। यह हमारी पार्टी में भी संभव है, जो एक छोटे से कार्यकर्ता को मंत्री पद भी दे सकती है। वहीं मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि मंत्रिमंडल में मंझे हुए जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। भाजपा सबको अवसर देती है। मंत्रिमंडल में शामिल नए और पुराने विधायकों को मौका देकर पार्टी ने यह साबित कर दिया। हमारी सरकार विकास के काम करेगी और जनता की उम्मीद पर खरा उतरेगी।

## नदी तभी तक प्रवाहित रहती है, जब तक उसमें पानी बदलता रहता है: श्रीवास्तव



सोमवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल ने आकार ले लिया है। मंत्रिमंडल में कुछ पुराने चेहरे हैं तो नए चेहरे ज्यादा हैं। मंत्रिमंडल में नए चेहरे और पुराने चेहरों की वापसी पर वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव ने चर्चा में बताया कि यह एक स्वभाविक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नदी तभी तक प्रवाहित रहती है, जब तक उसमें पानी बदलता रहता है। पानी एक जगह इकट्ठा रहने से वह सड़ जाता है। इस लिए पानी का बदलना जरूरी होता है। इसी प्रकार किसी भी पॉलिटिकल पार्टी में पुरानी जनरेशन जाती है और नई जनरेशन आती है। पार्टी दूसरी यानि नई जनरेशन को तैयार करके अपना कार्यक्रम बढ़ाना चाहती है, नए कार्यकर्ताओं को तैयार करना चाहती है। किसी भी पॉलिटिकल पार्टी को यदि सतत रहना है और जीवंत बने रहना है तो उसे चाहिए कि वह नई पीढ़ी को लाए और तैयार करे। संसार नश्वर होता है, इस लिए यह एक प्रक्रिया है। इसमें नए मंत्रियों को पुराने मंत्रियों के मागदर्शन में तैयार किया जाएगा और इस प्रकार नई पीढ़ी तैयार हो जाएगी। यह बीजेपी ने किया है यह अलग बात है, लेकिन यह किसी भी पार्टी के लिए जरूरी होता है कि वह नए कार्यकर्ताओं को लाए और भविष्य के लिए तैयार करे। क्योंकि पुरानी पीढ़ी एक न एक दिन चली जाती है। इस लिए नई पीढ़ी को लाकर उसे तैयार करना बहुत उचित होता है। अभी जो नया मंत्रिमंडल बना है, उसमें नए लोगों को लाकर भविष्य में पार्टी ने अपने को गति देने के लिए जो करना चाहिए था, वह किया है।

## बदलाव की बयार लाने जैसा: गिरिजाशंकर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल में जिस तरह लगभग दो तिहाई नए चेहरों को पहली बार शामिल किया, वह भाजपा द्वारा बदलाव की बयार लाने जैसा है। विजय शाह, करण सिंह वर्मा को छोड़कर किसी ऐसे मंत्री को मौका नहीं दिया गया है, जो लंबे समय तक मंत्रिमंडल में रहा हो। भाजपा का यह बदलाव नए नेतृत्व को उभारने का प्रयोग है। जिसका प्रभाव आने वाले वर्षों में देखने को मिलेगा। इस बदलाव से कुछ अनुभवी और वरिष्ठ मंत्री मौका पाने से चूक गए, तो डेढ़ दर्जन नए चेहरों को मौका मिला। परंपरागत राजनीति करने और देखने वालों को इससे हैरत हुई होगी, लेकिन यथास्थिति में बदलाव किसी भी राजनीतिक दल के जीवंत रहने के लिए आवश्यक होता है। भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में जिस तरह नेतृत्व सहित मंत्रिमंडल में जो बदलाव किया, वह नए तरह की राजनीति है। बदलाव तो हार के बाद किया जाता रहा है और बंपर जीत के बाद यथास्थिति और मजबूत होती आई है। भाजपा ने जीत के बाद बदलाव कर भविष्य में हार की आशंका को खारिज करने का प्रयास किया है। मध्यप्रदेश में भाजपा थोड़े अंतराल से दो दशक लगातार सत्ता में है और अगले पांच साल का सफर जारी है। मंत्रिमंडल में लगातार लंबे समय तक मंत्री रहने वालों को बदलकर नए चेहरों को मौका देने से एकतरफ जहां एकरसता टूटती है, वहीं पार्टी कैडर में यह विश्वास जागता है कि उन्हे भी आने वाले समय में मौका मिल सकेगा।

## मंत्रिमंडल में रहा अनुभव, क्षेत्रीय, वर्ग और युवाओं का संतुलन: शर्मा



वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के नए मंत्रिमंडल में चार प्रकार की झलक है। जहां कैलाश विजयवर्गीय, विजयशाह, प्रह्लाद पटेल जैसे अनुभवी मंत्री, राकेश सिंह, उदयवीर सिंह, रीता पाठक जैसे अनुभवी राजनेता, वहीं विश्वास सारंग, इंदर सिंह परमार निर्मला भूरिया, गोविन्द सिंह राजपूत जैसे मध्य क्रम के राजनेता हैं। तो तीसरी ओर पुराने विधायक लेकिन पहली बार मंत्री बने जिनमें कृष्णा गौर, हरिचरण वर्मा, चेतन कश्यप जैसे नाम तो राकेश शुक्ला, संपतिया उइके, लखन पटेल जैसे पहली बार विधायक बने युवा पीढ़ी को भी मंत्री मंडल में स्थान मिला है। इसके साथ आज की राजनीति में सर्वाधिक चर्चित ओबीसी को प्रतिनिधित्व मिला है। सबसे महत्वपूर्ण है आदिवासी क्षेत्र मंडला और झाबुआ जिलों से महिलाओं को प्रतिनिधित्व। जिस प्रकार मतदान में महिलाओं का वोट भाजपा को अधिक मिला था, उसी तरह आदिवासी क्षेत्र को महिलाओं के प्रति अपनी संवेदना का संदेश देने का प्रयास है। इस टीम में क्षेत्रीय और वर्गगत संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है, उसके दो उद्देश्य झलकते हैं। मध्यप्रदेश की आर्थिक स्थिति कमजोर है, निरंतर कर्ज बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में भाजपा द्वारा चुनाव में की गई घोषणाओं को पूरा करना बड़ी चुनौती है। इसके लिए अनुभवी और सख्त प्रशासन चाहिए जो इस मंत्रीमंडल के कुछ लोगों के बारे में माना जाता है। परिस्थिति के अनुरूप कुछ महत्वपूर्ण जिनमें वित्त, लोक निर्माण, गृह जैसे विभाग अनुभवी मंत्रियों को दिए जा सकें। मंत्रीमंडल की यह विशेषता भी यह है कि लगभग सभी सदस्य हैं स्थानीय संगठन और भाजपा हाई कमान दोनों से जुड़े हैं।

## सीएम साय अब अटल मॉनिटरिंग पोर्टल से योजनाओं पर रखेंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन दिवस के अवसर पर मंत्रालय महानदी में आयोजित कार्यक्रम में अटल मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ किया। पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री सचिवालय सीधे योजनाओं के क्रियान्वयन पर नजर रखेगा। शासन की मंशानुरूप पारदर्शी और बेहतर तरीके से क्रियान्वयन नहीं हुआ तो सख्ती भी बरती जाएगी। वर्तमान में 23 विभागों की 35 महत्वपूर्ण योजनाओं की निगरानी पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अटल मॉनिटरिंग पोर्टल से योजनाओं के ज मी नी क्रियान्वयन की रियल टाइम स्थिति मिलेगी। सुशासन तभी आता है, जब लगातार निगरानी होती है।

## अटलजी के कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी लगाई

## मुख्यमंत्री की घोषणा: रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर एक और नालंदा परिसर किया जाएगा तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

सीएम विष्णुदेव साय ने प्रदेश के छात्रों के हित में एक बड़ी घोषणा की है। राजधानी रायपुर में नालंदा परिसर की तर्ज पर एक और नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। सीएम ने युवाओं की मांग पर यह घोषणा नालंदा परिसर में आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी के शुभारंभ के दौरान की। यह प्रदर्शनी भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत



रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी रायपुर में नये नालंदा परिसर के निर्माण के साथ-साथ वर्तमान में संचालित नालंदा परिसर की सुविधाओं में भी बढ़ोतरी की जाएगी।

मुख्यमंत्री की इस घोषणा से पीएससी, यूपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बड़ा लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने इस दौरान नालंदा परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से बातचीत भी की।

### ओपी चौधरी जब कलेक्टर थे तब बना था नालंदा कैंपस

बता दें कि नालंदा परिसर में वर्तमान में ढाई हजार पाठकों के बैठने की सर्वसुविधा युक्त व्यवस्था है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए यह लाइब्रेरी मददगार साबित हो रही है। यह लाइब्रेरी 24 घंटे संचालित हो रही है। यहां रोज 900 छात्र पढ़ने आते हैं। बता दें कि मंत्री ओपी चौधरी जब रायपुर के कलेक्टर थे, तब उनकी पहल पर नालंदा परिसर का निर्माण कराया गया था।

**छत्तीसगढ़: खाद्य विभाग ने कलेक्टरों को जारी किया आदेश**

## गरीबों को पांच साल तक नि:शुल्क चावल देगी साय सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गरीब परिवारों के हित में बड़ा फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ के गरीब परिवारों को नए साल से आगामी पांच साल तक उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से निःशुल्क चावल मिलेगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अन्त्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के राशनकार्डों पर आगामी 5 वर्ष जनवरी 2024 से दिसंबर 2028 तक मासिक पात्रता का चावल निःशुल्क वितरण किए जाने की तर्ज पर ही छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत अन्त्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन और एकल निराश्रित श्रेणी के राशनकार्डधारियों को आगामी पांच वर्ष निःशुल्क चावल वितरण कराने के निर्देश दिए हैं।





**पत्र किया जारी**

इस संबंध में मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर स्थित खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा पत्र जारी कर सभी कलेक्टरों और संबंधित अधिकारियों को पात्रतानुसार निःशुल्क चावल वितरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### पौने 68 लाख हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्त्योदय श्रेणी के 14 लाख 92 हजार 438, प्राथमिकता श्रेणी के 52 लाख 46 हजार 656, एकल निराश्रित श्रेणी के 37 हजार 708 और निःशक्तजन श्रेणी के 15 हजार 351 राशनकार्डधारियों जनवरी 2024 से आगामी पांच वर्ष तक निशुल्क चावल वितरण से लाभांवित होंगे। इस फैसले से प्रदेश के अन्त्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन और एकल निराश्रित श्रेणी के 67 लाख 92 हजार 153 पात्र राशनकार्डधारियों को पात्रतानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से निःशुल्क चावल मिलेगा।

**दिल्ली विश्वविद्यालय में मनाया गया 'वीर बाल दिवस'**

## इतिहास के पठन-पाठन में आक्रांताओं का महिमामंडन राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित: सिरसा

- एनसीईआरटी आदि के पाठ्यक्रमों में वीर साहिबज़ादों जैसी विभूतियां शामिल हों : प्रो. निरंजन कुमार

**नई दिल्ली।** 'वीर बाल दिवस' 2023 के उपलक्ष्य में दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति द्वारा धर्म और समाज के लिए बलिदान होने वाले साहिबजादों के सम्मान में गाँधी भवन, दिल्ली विश्वविद्यालय में 'भारतीय सांस्कृतिक मूल्य और वीर साहिबजादों का अद्वितीय बलिदान' विषयक एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। श्री मनजिंदर सिंह सिरसा, नेशनल सेक्रेटरी, भारतीय जनता पार्टीतथा पूर्व अध्यक्ष, दिल्ली गुरुद्वाराकमिटी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। विषय प्रवर्तन करते हुएमूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति के अध्यक्ष प्रो. निरंजन कुमार ने इंग्लैंड में छपे एक आलेख के हवाले कहा कि 2014 में संस्कृति को प्राथमिकता देने वाली मोदी सरकार के आगमन के बाद भारत का नवोदय हुआ है। आपने कहा कि भारतीय परंपरा मानवता, परोपकार, और सहिष्णुता की परंपरा है और शिक्षा के माध्यम से हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाने की जरूरत है। आपने एनसीईआरटी आदिकेपाठ्यक्रमों में वीर साहिबजादों जैसी विभूतियों को शामिल करने की मांग करते हुए राष्ट्र नवनिर्माण की बात की। मुख्य अतिथि श्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वीर बाल दिवस के प्रेरणास्रोत



माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल को अभूतपूर्व बताया। आपने कहा कि साहिबजादोंजोरावर सिंह और फ़तेह सिंह को अपने धर्म का बोध था पर हमारे नीति नियंताओं को इसका बोध नहीं था।

आपने अब तक के इतिहास के पठन-पाठन में आक्रांताओं के महिमामंडन को राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित बताया और इतिहास को नए रूप में सामने लाने की बात की। द ऑर्गेनाइजर के संपादक श्री प्रफुल्ल केतकर ने कहा कि भारत ऐसी अकेली भूमि है जिसने सदियों के संघर्ष के बाद न केवल स्वतंत्रता प्राप्त की बल्कि अपनी नई सांस्कृतिक यात्रा शुरू की। आपने आयोजन के लिए मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति की सराहना करते हुए वीर साहिबज़ादों और इस तरह के बलिदानों के दस्तावेज़ीकरण और इतिहास के पुनर्लेखन की बात की।विशिष्ट अतिथि तरलोचन सिंह, सांसद, राज्यसभा तथा पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने कहा कि सिख इतिहास का निर्माण करते हैं पर इतिहास में उनको जगह नहीं दी जाती। आपने वर्तमान सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने भारतीय विरासत को सामने लाने का सराहनीय कार्य किया।

## चिंतन

# भारतीय जहाज पर हमले की हिमाकत ना करे कोई

भारत ने अरब सागर में अपने मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमले को गंभीरता से लिया है। भारत आ रहे मालवाहक जहाज केम प्लूटो पर गत 23 दिसंबर को हुए हमला हुआ था। एमवी केम प्लूटो पर हुए हमले के बाद शाम को भारतीय क्रू मेंबर्स वाले एक और जहाज पर हमला हुआ था। इसमें 25 भारतीय मौजूद थे। माना जा रहा है कि हुती विद्रोहियों ने भारत के इस जहाज पर ड्रोन से हमला किया है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने रविवार को कहा था कि केम प्लूटो पर ईरान से हमला हुआ था। हालांकि, ईरान ने इस दावे को खारिज करते हुए हमले में हाथ होने से इन्कार कर दिया। एमवी केम प्लूटो सऊदी अरब से भारत आ रहा था। ईरान ने बेशक इस हमले में हाथ होने से इनकार किया है, वह भारत से अपने रिश्ते को खराब नहीं करना चाहेगा, लेकिन हुती पर शक संदेह से परे नहीं है। लाइबेरिया के शिया आतंकी गुट हुती को ईरान से शह मिलता रहा है। अब तक भारत को दक्षिण चीन सागर में चीनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब लगता है अरब सागर में भारत को अपने मालवाहक विमानों की खास निगरानी करनी पड़ेगी। हमास इजराइल जंग में भारत का इजरायल का नैतिक समर्थन करना हुती को रास नहीं आ रहा है, इसलिए खुंदक में वे भारतीय मालवाहक को निशाना बना सकते हैं। भारत ने अरब सागर में अपने तीन युद्धपोत आईएनएस मोरमुगाओ, आईएनएस कोलकाता और आईएनएस कोच्चि तैनात कर दिए हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भरोसा दिया है कि इन हमलों के लिए जो भी जिम्मेदार है, उन्हें समुद्र की गहराइयों से भी ढूंढ निकाला जाएगा। नेवी ने कहा कि जहाज पर जो मलबा मिला है, उससे इस बात की पुष्टि होती है कि उस पर ड्रोन से हमला किया गया था। जहाज पर फोरेंसिक जांच के जरिए ये पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि हमला कितनी दूरी, कौन से विस्फोटक से किया गया था और ये कितना खतरनाक हो सकता था। भारत ने विस्तारित दूरी की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल दागने की क्षमता से लैस 'स्टेल्थ गाइडेड' मिसाइल विध्वंसक आईएनएस इंफाल को मंगलवार को मुंबई में भारतीय नौसेना में शामिल किया है। नौसेना के अनुसार, यह युद्धपोत परमाणु, जैविक और रासायनिक (एनबीसी) युद्ध के हालात में भी लड़ने में सक्षम है। इंफाल से भारत समंदर में और मजबूत हुआ है। भारतीय नौसेना को 7516 किलोमीटर से ज्यादा के समुद्र तटीय इलाके की निगरानी करनी होती है। चीन के चलते दक्षिण चीन सागर व हिंद- प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना को मुस्तैद रहना पड़ता है। अब अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में भारत को अपनी समुद्री सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। भारतीय नौसेना के पास फिलहाल 132 युद्धपोत हैं। नौसेना 2030 तक अपने जंगी जहाजों के बेड़े को बढ़ाकर 160 व 2035 तक 175 कर लेगी। भारत का लक्ष्य हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत होना, जिबूती, हॉर्न ऑफ अफ्रीका, कराची, ग्वादर और कंबोडिया में बढ़ रहे चीन की नौसेना के वर्चस्व को रोकना है। चीन भी अपनी ताकत बढ़ा रहा है, उसका लक्ष्य 555 युद्धपोतों तक पहुंचना है, पर भारत रणनीतिक रूप से चीन को टक्कर देने में सक्षम है। भारत अपना 55 फीसदी से अधिक ट्रेड समुद्री रास्तों से करता है, इसलिए समुद्री सुरक्षा को मजबूत रखना जरूरी है। भारतीय मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमला करने वाले को सबक सिखा कर भारत को सख्त संदेश देना होगा कि भविष्य में कोई भी भारतीय जहाज पर हमला की हिमाकत ना करे।

# उपलब्धियों वाला रहा रक्षा क्षेत्र



सामरिक
डॉ. एल. एस. यादव

इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुहंतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। तूफानों में भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने वाली भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया। चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल व उत्तराखंड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है।

समाप्त हो रहा वर्ष 2023 रक्षा क्षेत्र के लिए विकास एवं उपलब्धियों वाला कहा जाएगा, क्योंकि इस वर्ष देश की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक कार्य हुए और भारत रक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम रहा। इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुहंतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। तूफानों में भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने वाली भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया।

चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल व उत्तराखंड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है। पाकिस्तान सीमा पर बढ़ती आतंकी घुसपैठ व गोलीबारी के कारण चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। चीन व पाक की इन हरकतों से निपटने के लिए जवानों को आक्रामक तौर पर मजबूत किया गया। सैन्य ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से सेना के तोपखाने को तथा वायु सेना के लड़ाकू विमानों की तैनाती बढ़ाई गई। इसके अलावा गहन युद्ध के लिए हथियार और गोला बारूद रखने की छूट दी गई।

वर्ष 2023 के दौरान रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर काफी आगे बढ़ा। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए विदेश से रक्षा आयात को कम करने का फैसला लेकर रक्षा उपकरणों को स्वदेषी कंपनियों से खरीदने के आर्डर दिए गए। डीएसी की बैठक में 97 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान, 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, तीसरे नए स्वदेशी विमानवाहक पोत के निर्माण, सुखोई-30 एमकेआई श्रेणी के 87 विमानों का आधुनिकीकरण, 5.56 ग 45 कार्बाइन, 200 माउंटेन गन सिस्टम, 400 टोड आर्टिलरी गन सिस्टम तथा मध्यम दूरी की जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलों के खरीदे जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इससे भारतीय सेनाओं की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। डीएसी की मंजूरी वाली 2.23 लाख करोड़ रुपये की यह खरीद घरेलू रक्षा उद्योगों से की जाएगी। वर्ष 2023 में रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया जो कि एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा रक्षा निर्यात नई ऊंचाइयों को पार करते हुए 16000 करोड़ तक पहुंच गया। यह पिछले वर्ष करीब 3000 करोड़ रुपये था। डीएसी ने तीसरे विमानवाहक पोत के निर्माण को मंजूरी दे दी है। नौसेना के पास अभी दो विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत हैं। इनमें से विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था और विक्रांत स्वदेश निर्मित है। नया विमानवाहक पोत स्वदेशी विक्रांत की तरह ही होगा। यह पोत 40000 करोड़ की लागत से बनेगा। 45000 टन वजन वाला यह पोत कोचीन शिपयार्ड में बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 262 मीटर, चौड़ाई 62 मीटर और उंचाई 59 मीटर की होगी। इसकी गति 52 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। यह पानी में तैरते हुए किसी सैन्य अड्डे की तरह



होगा। इस पर तकरीबन 28 लड़ाकू विमानों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर, मिसाइल, रॉकेट, गन और बमों जैसे खतरनाक हथियार तैनात रहेंगे। यह 400 किलोमीटर की एरिया की निगरानी करेगा और इतने क्षेत्र के खतरों से निपटने में सक्षम होगा। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की ताकत काफी बढ़ जाएगी।

स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत 'सूरत' के शिखर का अनावरण 6 नवंबर को किया गया। अग्रिम मोर्चे की निर्माणाधीन परियोजनाओं के तहत प्रोजेक्ट 15 बी में चार निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोतों का निर्माण शामिल है जिनमें से सूरत चौथा और आखिरी पोत है। यह पोत शत्रु की पनडुब्बियों, युद्धपोतों, एंटी सबमरीन मिसाइलों और युद्धक विमानों का मुकाबला करने की क्षमता रखता है। इसके शामिल होने से नौसेना की विध्वंसक क्षमता काफी बढ़ जाएगी। नौसेना को स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस इंफाल 26 दिसम्बर को मिल गया। यह समुद्र में शत्रु की चालबाजियों पर नजर रखेगा। इंफाल सबसे उन्नत किस्म का विध्वंसक युद्धपोत है। यह युद्धपोत सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस है। इसके अलावा इसमें पोतरोधी मिसाइलें व तारपीडो भी लगे हैं। यह अत्याधुनिक हथियारों एवं सेंसरों से लैस एक शक्तिशाली तथा बहुआयामी युद्धपोत है। इस जहाज में ब्रह्मोस एसएसएम के अलावा एम.आर.सेम, तारपीडो ट्यूब लॉन्चर्स, एंटी सबमरीन रॉकेट लॉन्चर्स और 76 एमएम री एस.आरजीएम की तैनाती शत्रु सेना के लिए काल बन जाएंगे। 22 नवंबर को भारतीय नौसेना को तीसरी बार्ज नौका 'मिसाइल सह गोला बारूद बार्ज, एलएसएएम 9 (यार्ड 77)' प्राप्त हो गई है। बार्ज नौका को मुम्बई के नौसेना डॉकयार्ड के आईएनएस तुणीर में शामिल किया गया। यह नौका भारतीय नौसेना के लिए 30 वर्षों तक काम करेगी। बार्ज नौका पर 8 मिसाइलों के साथ-साथ गोला बारूद भी लेकर जाया जा सकता है। इसके शामिल होने से नौसेना के जरूरी सामान इधर से उधर ले जाने में तथा चढ़ाने-उतारने में जो मदद मिलेगी उससे नौसेना की परिचालन गतिविधियों को तेजी प्राप्त होगी। अब समुद्र तट के आसपास एवं बाहरी बंदरगाहों पर भारतीय जहाजों के लिए गोला बारूद की आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी। वायुसेना के लिए परिवहन विमान सी-295 का उत्पादन चालू करने के लिए गुजरात के बड़ोदरा में इसके प्लांट की आधारशिला रखी गई। अब इन विमानों का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। अमेरिका की जेट इंजन निर्माता कंपनी जीई एरोस्पेस और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच जेट इंजन बनाए जाने को लेकर समझौता हुआ जिससे लड़ाकू विमानों के इंजन अब भारत मे ही बनेंगे। भारतीय वायु सेना को सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने की अनुमति मिल गई है। मिग-21 विमानों की कमी को पूरा करने के लिए वायु सेना 60000 करोड़ रुपये की लागत से 87 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का कार्य किया जाएगा।

लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। राफेल विमानों की तैनाती लद्दाख सीमा पर की गई। हल्के तेजस विमान भी मिग-21 विमानों की जगह ले रहे हैं। सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29 मल्टी रोल एयरक्राफ्ट और जगुआर जैसे विमान हर मौसम में लड़ाई के तैयार हैं। चीन से लगती सीमा के पास प्रमुख हवाई अड्डों पर दुनिया के सबसे हाईटेक मल्टीरोल हेलीकॉप्टर अपाचे एवं चिनूक हर मोर्चे से निपटने के लिए तैनात किए गए हैं। इस तरह चीन व पाकिस्तान से किसी भी स्थिति में निपटने को वायु सेना तैयार है।

(लेखक सैन्य विज्ञान विशय के प्राध्यापक रहें हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## जयंती

विवेक शुक्ला




# गालिब को कैसे जिंदा किया मंटो ने

आप जब दिल्ली-6 की संकरी गलियों से गुजरते हुए मिर्जा गालिब के बल्लीमरान वाले घर या फिर वहां से आठ-दस किलोमीटर उनकी बस्ती निजामुद्दीन में मौजूद कब्र के पास खड़े होते हैं तो यह ख्याल भी आता कि इधर कौन-कौन उस सदियों के शायर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आया होगा। बेशक, गालिब से जुड़े इन दोनों स्मारकों पर हाजिरी देने कथाकार सआदत हसन मंटो तो आए ही होंगे। मंटो 1940 के दरम्यान दिल्ली में ही थे। वो 1940 के दशक के शुरूआती बरस थे। आजादी की लड़ाई का दौर था। देश में अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा था। दिल्ली में भी लगातार आंदोलन हो रहे थे। उन दिनों सआदत हसन मंटो दिल्ली आकाशवाणी में नौकरी कर रहे थे। मंटो और उर्दू के मशहूर अफसाना निगार किशन चंदर साथ-साथ नौकरी करते थे। जब भी फुर्सत मिलती तो दोनों दिल्ली की सड़कों, गलियों और मोहल्लों की खाक छानते। मंटो की शख्सियत पर मिर्जा गालिब की शायरी का गहरा असऱ था। मंटो और कृष्ण चंदर जामा मस्जिद इलाके में उर्दू बाजार में घूमने-फिरने आते। मंटो रहते थे मोरी गेट में। ये नहीं हो सकता कि तब ये दोनों गालिब साहब के



घर और कब्र पर ना गए हों। जामा मस्जिद से गालिब साहब का बल्लीमरान वाला घर कोई बहुत दूर तो है नहीं। अब वहां पर उनका स्मारक बना हुआ है। मंटो और कृष्ण चंदर मोरी गेट से टांगे पर जामा मस्जिद आ जाया करते होंगे। फिर वहां से गालिब के घर पैदल ही चले जाते होंगे। जहां अब गालिब स्मारक है वहां पर कोयले का टाल देखकर मंटो उदास जरूर होते होंगे। गालिब के घर के आगे खड़े होकर मंटो और कृष्ण चंदर ने जरूर बातें की होंगी कि वे (गालिब) यहां अपने दोस्तों के साथ कैसे गर्मियों में मीठे आम खाते होंगे। वे आमों के शौकीन थे। नसीरूद्दीन शाह 'गालिब' सीरियल में गालिब साहब के किरदार को निभाते हुए कई बार आम को चूसते हुए ही दिखाई देते हैं। तो साफ है कि गालिब साहब दशहरी ही पसंद करते होंगे। दशहरी आमों की खेती पश्चिम उत्तर प्रदेश में खूब होती रही है। बेशक, कभी ना कभी मंटो गालिब की कब्र पर भी पहुंचे होंगे।उनकी कहानी पर बनी मिर्जा गालिब फिल्म की सफलता के बाद फिल्म के निर्माता सोहराब मोदी ने गालिब की कब्र को संगमरमर के पत्थरों से ठीक करवाया था। मंटो ने दिल्ली में रहते हुए किशन चंदर के साथ 'बंजारा' फिल्म की कहानी भी लिखी। जिसे सेठ जगत नारायण ने खऱीदा था। सेठ साहब दिल्ली की असरदार हस्ती थे। वे जगत, रिट्ज और नॉवेल्टी सिनेमा घरों के मालिक थे। उनका संबंध दिल्ली की खत्री बिरादरी से था। मंटो ने दिल्ली में ही 'मिर्जा गालिब' कहानी लिखी। वे दिल्ली में तकरीबन दो साल रहने के बाद अपने पसंदीदा शहर मुंबई लौट गए। उन्हें 'मिर्जा गालिब' फिल्म की कहानी लिखते हुए गालिब के घर और कब्र पर बिताया वक्त जरूर याद आता होगा। देश के विभाजन के बाद मंटो पाकिस्तान चले गए। उनका 1955 में निधन हुआ। तब देशभर में'मिर्जा ग़ालिब' फिल्म चल रही थी। मंटो की मौत से अवाक किशन चंदर ने तब लिखा था-'जिस दिन मंटो से मेरी पहली मुलाक़ात हुई, उस रोज मैं दिल्ली में था। जिस रोज़ वह मरा है, उस रोज़ भी मैं दिल्ली में मौजूद हूं। उसी घर में हूं, जिसमें चौदह साल पहले वह मेरे साथ पंद्रह दिन के लिए रहा था। घर के बाहर वही बिजली का खंभा है, जिसके नीचे हम पहली बार मिले थे। वह ग़रीब साहित्यकार था। वह मंत्री न था कि कहीं झंडा उसके लिए झुकता। आज दिल्ली में मिर्जा ग़ालिब पिक्चर चल रही है। इसकी कहानी इसी दिल्ली में, मोरी गेट में बैठ कर मंटो ने लिखी थी। एक दिन हम मंटो की तस्वीर भी बनाएंगे और उससे लाखों रुपये कमायेंगे।' मिर्जा ग़ालिब'1954 में रीलीज हुई तो उसकी स्पेशल स्क्रिनिंग राष्ट्रपति भवन में भी हुई। राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश की कई गणमान्य हस्तियों के साथ इसे देखा और पसंद किया। फिल्म देखने के बाद पंडित नेहरू ने सोहराब मोदी से कहा, 'आपने ग़ालिब को वापस जीवित कर दिया है।' इसमें भारत भूषण ने गालिब की भूमिका निभाई। मिर्जा गालिब ने अखिल भारतीय सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक और हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का रजत पदक जीता। बेशक, मिर्जा गालिब फिल्म ने उस अजीम शायर को जिंदा कर दिया था। इसका श्रेय मंटो को भी जाता है।

## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित
**दर्शन**

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा। -स्वामी मैथिलीशरण

## भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**'एक देश एक चुनाव' क्यों जरूरी**

25 जनवरी, वर्ष 1950 को स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र को स्थापित करने के लिए चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। जब से चुनाव आयोग की स्थापना हुई है और जो कोई भी निर्वाचन आयुक्त हुए, उनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया में सुधार हुआ भी है। देश में हर समय चुनाव का मेला लगा रहने से आदर्श आचार संहिता के कारण नए विकास के काम रफ्तार नहीं पकड़ पाते, इससे राजनीतिक दलों के खर्च पर नियंत्रण तथा चुनाव में कालाधन खपाने जैसी समस्याओं पर भी लगाम नहीं लग पाता। सरकारी विभागों के कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त रहते हैं। इससे आमजन को सरकारी विभागों में काम करवाने में परेशानी होती है।

- **संदीप देवांगन**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# गाजा में हजारों युद्धपीड़ितों की जिंदगी हुई नरक

इजराइली हवाई हमले में घायल हुई 22 वर्षीय शाइमा नाबाहिन के सामने उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया जब चिकित्सकों ने उसे दो विकल्प दिए – या तो अपना बायां पैर कटवा लो या फिर मरने के लिए तैयार रहो। इजराइली हवाई हमले में उसका टखना कुचला गया था और शाइमा को लगभग एक सप्ताह तक गाजा में अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। चिकित्सकों ने बताया कि उसके खून में जहर फैल गया । चिकित्सकों द्वारा दिए गए दो विकल्पों में से शाइमा ने जीवित रहने का विकल्प चुना और अपने पैर को घुटने से नीचे 15 सेंटीमीटर ( छह इंच) कटवाने पर राजी हो गई। इस फैसले ने विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा के जीवन को पूरी तरह से बदलकर रख दिया। गाजा में युद्ध में घायल हजारों लोगों को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि कुछ मामलों में उचित इलाज से अंगों को बचाया जा सकता था। लेकिन इजराइल के कई हफ्तों के हवाई और जमीनी हमले के बाद गाजा के 36 अस्पतालों में केवल नौ अस्पताल अभी संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनमें बहुत भीड़ है, इलाज की सीमित व्यवस्था है और सर्जरी करने के लिए बुनियादी उपकरणों की कमी है।



## ऑफ बीट

# मुझे कोविड है! लॉंग कोविड की कितनी संभावना है?



ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों में ईजी.5 या एरिस कोविड वैरिएंट प्रमुख है। एरिस, अन्य परिसंचारी उपभेदों के साथ, ओमिक्रॉन के वंशज हैं। हालांकि ये स्ट्रेन मूल अल्फा और डेल्टा वेरिएंट की तुलना में कम गंभीर दिखाई देते हैं, लेकिन लंबे समय तक कोविड का खतरा बना रहता है। तो नवीनतम डेटा लंबे समय तक कोविड की संभावना के बारे में क्या कहता है? आपको किन लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए? और लंबे समय तक कोविड से पीड़ित लोगों की सहायता के लिए क्या किया जा सकता है? जब कोविड 'लॉंग कोविड' बन जाता है।अधिकांश लोगों के लिए, लंबे समय तक कोविड का मतलब है कोविड संक्रमण के बाद ठीक नहीं होना। विश्व स्वास्थ्य संगठन लंबे समय तक चलने वाले कोविड को बीमारी के संक्रमण की शुरुआत से कम से कम तीन महीने तक जारी रहने वाले या नए लक्षणों के रूप में परिभाषित करता है जो कम से कम दो महीने तक रहता है और इसे वैकल्पिक निदान द्वारा समझाया नहीं जा सकता है। सबसे आम लक्षणों में थकान, सांस फूलना, सिरदर्द और पेट दर्द शामिल हैं। लेकिन लंबे समय तक कोविड से पीड़ित लोग हृदय संबंधी समस्याओं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे अवसाद और चिंता, अनिद्रा, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं सहित कई प्रकार की समस्याओं का अनुभव कर सकते हैं।

## ट्रेंड

### रक्षा का संकल्प



वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए, कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। वीर बालदिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का उद्बोधन हम सभी को विशेषकर देश की युवा पीढ़ी को विरासत पर गर्व कर आगे बढ़ने के लिए और अधिक प्रेरित करेगा।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### आविर्भाव दिवस की शुभकामनाएं



ईश्वर एवं गुरु तत्त्व की समन्वित अभिव्यक्ति अपने आश्रितजनों को श्रेष्ठता के शिखर वरेण्य तत्त्व का साक्षात्कार कराने वाले वेद योगादि विद्याओं के प्रवर्तक आद्य गुरु महायोगी भगवान दत्तात्रेय के आविर्भाव दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### आशा के अनुरूप काम



लोक सभा चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर बिहार प्रदेश के नेताओं से चर्चा हुई। बिहार में महागठबंधन सरकार लोगों को आशा के अनुरूप काम कर रही है। हम सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### नौसेना का धन्यवाद



नौसेना का नया स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'इम्फाल' पर भारतीय नौसेना को धन्यवाद। हमारे महासागरों को सुरक्षित बनाने के लिए और हम अपने कार्यबल के कौशल और तकनीकी क्षमताओं में भारी उन्नयन का स्वागत करते हैं जो घर पर ऐसे जहाजों के निर्माण से आता है।

**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# 9 साल बेमिसाल

# हरियाणा में बने नए राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे, इकोनॉमिक कॉरिडोर व इंडस्ट्रियल कॉरिडोर



तेज गति से विकास पुराने बुनियादी ढांचे के साथ संभव नहीं है। खराब कनेक्टिविटी और महंगी लॉजिस्टिक लागत व्यवसायों की प्रगति में बाधा डालती है। इसी रुकावट को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा की मनोहर सरकार ने प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया है। प्रदेश में बने नये राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे, इकोनॉमिक कॉरिडोर और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकास की इबारत लिख रहे हैं। हाई-वे और एक्सप्रेस-वे के साथ गांवों और कस्बों में सड़क कनेक्टिविटी पर भी प्रदेश सरकार ने सराहनीय काम किया है। सड़कों की मरम्मत के साथ प्रदेश सरकार ने नयी सड़कों का भी निर्माण किया है। प्रदेश में दो लेन के राजमार्गों को चार लेन और चार लेन के राजमार्गों को छह लेन के राजमार्गों में परिवर्तित किया जा रहा है। तीन से ज्यादा गांवों को आपस में जोड़ने वाली सड़कों को 12 फुट से 18 फुट किया जा रहा है। हाई-वे ही नहीं, आज गांवों और ढाणियों की सड़कें भी चकाचक नजर आ रही हैं।

■ प्रदेश में 2223 करोड़ रुपये की लागत से 1911 कि. मी. लम्बी नई सड़कों का निर्माण तथा 1920.06 करोड़ रुपये की लागत से 32,672 कि.मी. लम्बी सड़कों का सुधार किया गया।

■ वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 2969.51 कि.मी. लम्बाई की 405 सड़कों के लिए 2240.61 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृति की गई, जिसमें से 1795.86 करोड़ रुपये की राशि खर्च करके 2725.51 कि. मी. लम्बी सड़कों के कार्य पूरे किए जा चुके हैं।

■ सरकार द्वारा 14 नए बाईपासों के निर्माण के लिए 1030.01 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय/एन.एच.ए.आई. द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय राजमार्गों में से 4 लेन के भिवानी बाईपास सहित खरक-भिवानी सड़क के निर्माण का कार्य 247.25 करोड़ रुपये की लागत से पूरा कर लिया गया है।

*"भारत में आधुनिक बुनियादी ढांचे और संपर्क की दिशा में अभूतपूर्व निवेश किया जा रहा है। सड़क, रेल और हवाई संपर्क पर जोर दिया गया है। रेल संपर्क बढ़ाने से न सिर्फ लोगों को आवागमन की सुविधा मिली है बल्कि खनिज संसाधनों की आपूर्ति उद्योगों के लिए अधिक सुलभ हो रही है।"*

**-नरेन्द्र मोदी**

## राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण

- हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्ग-709 के जंक्शन (पानीपत के नजदीक) से शामली मुजफ्फर नगर, बिजनौर नगीना (उत्तर प्रदेश) राष्ट्रीय राजमार्ग-734 के जंक्शन तक (राष्ट्रीय राजमार्ग-709-ए.डी.)।
- पलवल-अलीगढ़ (राष्ट्रीय राजमार्ग-334डी.)
- इस्टन पैरीफैरल एक्सप्रेस-वे (एन.ई.-2)।
- राष्ट्रीय राजमार्ग-52 से शुरू होकर खनौरी शेरगढ़ अमो (पंजाब) संगतपुरा, नंद, सिंघवला से हरियाणा के कैथल में राष्ट्रीय राजमार्ग-152 के जंक्शन तक (राष्ट्रीय राजमार्ग 152-ए)।
- जगाधरी-बिलासपुर (राष्ट्रीय राजमार्ग 709-जी)।
- राष्ट्रीय राजमार्ग-352ए के जंक्शन (झज्जर बाईपास) से राष्ट्रीय राजमार्ग-9 के बहादुरगढ़ बाईपास तक राष्ट्रीय राजमार्ग-352 आर।
- रेवाड़ी-पटौदी गुरुग्राम (राष्ट्रीय राजमार्ग-352डब्ल्यू.)।
- दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस-वे (एन.एच.-148 एन)।
- गंगहेड़ी (इस्माईलाबाद)-नारनौल (एन.एच.-152 ए)।
- सोहना-कैलगांव-बल्लभगढ़-फरीदाबाद-कालिंदीकुंज (एन.एच.-148 एन.ए.)।
- दिचाऊ कलां (दिल्ली)-बालौर गांव (बहादुरगढ़) तक (एन.एच.-344एन)।
- बड़वासनी (सोनीपत)-बवाना इंडस्ट्रियल एरिया दिल्ली (एन.एच.-344 पी)।
- नेशनल हाईवे -152 नजदीक ठोल गांव के पास से शुरू होकर नेशनल हाईवे-44 शाहाबाद तक (152डी)।
- 35.94 करोड़ रुपये की लागत से कैथल-ढांड सड़क को 5.50 मी. से 10 मी. तक चौड़ा करने का कार्य पूरा हो चुका है।
- 38.53 करोड़ रुपये की लागत से देवबन-राजौंद-असन्ध सड़क को चौड़ा किया गया है।
- लगभग 59 करोड़ रुपये की लागत से टोहाना बाईपास का कार्य पूर्ण।
- 70 करोड़ रुपये की लागत से कोंड-मुनक-सालवन-असन्ध सड़क (एम.डी.आर. 114) को चौड़ा किया गया है।
- 34.41 करोड़ रुपये की लागत से करनाल-काछवा-सांबली कौल सड़क (करनाल से सीतामाई गांव तक) का विस्तार किया गया है।




## महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा

*महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा, हिसार में विभिन्न विकास कार्यों और हवाई अड्डे के रन-वे (10,000 फीट) तक के कार्य प्रगति पर हैं। अप्रैल 2024 से हवाई अड्डे पर विमान संचालन शुरू होने की संभावना है। एयरोड्रोम लाइसेंस और बी.सी.ए.एस. सुरक्षा मापदंडों हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रगति पर है।*


## हवाई पट्टियों का निर्माण

*भिवानी, नारनौल, करनाल और पिंजौर में मौजूदा हवाई पट्टियों की 3000 फीट की वर्तमान लंबाई को 5000 फीट करने तथा पार्किंग और एम.आर.ओ. गतिविधियों के लिए दिल्ली हवाई अड्डे से स्पिलओवर के समायोजन के लिए स्थल विकसित करने का प्रस्ताव है।*

- *नारनौल हवाई अड्डे के विस्तार हेतु लगभग 200 एकड़ भूमि खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।*
- *गुरुग्राम में 306.54 करोड़ रुपये की लागत से 26 एकड़ भूमि पर हेलीहब/ हेलीड्रोम का विकास किया जाएगा।*
- *हेलीकॉप्टर चिकित्सा तथा आपातकालीन सेवा शुरू करने के मूल्यांकन का कार्य प्रक्रियाधीन है।*
- *नागरिक विमानन विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार उपयुक्त हवाई संपर्क प्रदान करने के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर हैलीपैड का निर्माण किया जाएगा। प्रथम चरण में 8 जिलों-जींद, झज्जर, कैथल, पलवल, यमुनानगर, रोहतक (पुलिस लाइन तथा सुनारियां जेल में), कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी और सोनीपत के मुरथल को शामिल किया गया है।*
- *निकटवर्ती राज्यों के साथ बेहतर हवाई संपर्क सुनिश्चित करने के लिए अम्बाला, करनाल, हिसार और पिंजौर से **RCS-UDAN** योजना के तहत **Fixed wing/Helicopter** संचालन की शुरुआत हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।*
- *प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उड़ान योजना लाकर यह सोच व्यक्त की कि देश का आम नागरिक भी हवाई यात्रा से वंचित न रहे। इसी के तहत देश के विभिन्न शहरों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच हर चीज को आम आदमी से जोड़ रही है। हरियाणा में मनोहर सरकार इसी दिशा में व्यापक कदम उठाते हुए आम जनता की जरूरतों व सुविधाओं का ख्याल रख रही है।*
- *पिछले 9 वर्ष, भारत के विमानन क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी रहे हैं। मौजूदा हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण किया गया है, नए हवाई अड्डों का तेज़ीसे निर्माण किया गया है और रिकॉर्ड संख्या में लोग हवाई यात्रा कर रहे हैं।*

## केंद्र की इंफ्रास्ट्रक्चर योजनाएं

वर्ष 2014 में सत्ता आने के बाद से मोदी सरकार देश के कोने-कोने में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए लगातार तमाम तरह के प्रोजेक्ट चला रही है, जिनमें प्रमुख तौर पर भारतमाला, सागरमाला, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और हाई-स्पीड रेल परियोजनाएं शामिल हैं। भारतमाला एक राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना है, इसके तहत नए राजमार्ग के साथ-साथ उन परियोजनाओं को भी पूरा किया जा रहा है, जो अब तक अधूरे हैं। वर्ष 2017 में भारत सरकार ने सागरमाला परियोजना की शुरुआत की है। इसके तहत बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को विकसित किया जा रहा है। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पर भी तेजी से काम हो रहा है। भारत सरकार राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा कार्यक्रम के हिस्से के रूप में विभिन्न औद्योगिक गलियारा परियोजनाओं का विकास कर रही है, जिसका उद्देश्य दुनिया में सर्वोत्तम विनिर्माण और निवेश स्थलों का विकास करना है। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चल रही है। इस योजना के माध्यम से सभी छोटे एवं बड़े गांवों की सड़कों को शहरों की सड़कों से जोड़ा जा रहा है। देश में 9 वर्षों में लगभग 50,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ है। पीएम गति शक्ति- राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) को शुरू किया गया है। देश में वर्ष 2014-15 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 97,830 किलोमीटर थी, जो मार्च 2023 में बढ़कर 1,45,155 किलोमीटर हो गई है। वर्ष 2014-15 में जहां प्रतिदिन 12.1 किलोमीटर सड़क निर्माण हो रहा था, वर्ष 2021-22 में देश में सड़क निर्माण की रफ्तार बढ़कर 28.6 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है।



*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार लोगों को सर्वोत्तम बुनियादी ढांचा उपलब्ध करा रही है। प्रदेश का आर्थिक विकास इसका गवाह है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी का कहना है कि सड़कें विकास के लिए बहुत ही जरूरी हैं और यदि इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा तो प्रदेश व देश की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। नयी सड़कें बनने से लोगों का जीवन आसान हो गया है, इससे समय और पैसा दोनों की बचत हो रही है।*

**डबल इंजन हरियाणा सरकार : मिल रही सुविधाएं बेशुमार**

media marketing initiative

## खबर संक्षेप

### आईनॉक्स विंड को मिला 279 मेगावाट का ठेका

**नई दिल्ली।** आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) को एक बड़ी वाणिज्यिक एवं औद्योगिक कंपनी से 279 मेगावाट की परियोजना का ठेका मिला है।

### एसबीआई ने मुथूट फिनकॉर्प की ओर से एनसीडी खरीदे

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मुथूट फिनकॉर्प की ओर से जारी 200 करोड़ रुपये के गैर परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) खरीद लिए हैं।

### आईएचसीएल ने तवांग में खोला विवांता होटल

**मुंबई।** इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग में 10,000 फुट की ऊंचाई पर विवांता होटल खोलने की मंगलवार को घोषणा की। आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत चटवाल ने कहा, 'हम अरुणाचल प्रदेश के तवांग में विवांता खोलकर काफी खुश हैं। शिलांग, गंगटोक और तवांग सहित उभरते स्थलों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाने के प्रयास जारी रखना पूर्वोत्तर भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।'

# इस्पात क्षेत्र के लिए पीएलआई 2-0 योजना पर अभी काम जारी

*कंपनियों को इस्पात आयात पर अंकुश लगाने जैसे कदमों का इंतजार*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि सरकार, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना 2.0 पर काम कर रही है और साथ ही 2024 में इस्पात क्षेत्र के लिए पर्याप्त कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी विचार किया जा रहा है। मजबूत आर्थिक वृद्धि से इस्पात की मांग बढ़ेगी, हालांकि उद्योग से जुड़ी कंपनियां भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच बढ़ते आयात और कच्चे माल की ऊंची कीमतों को लेकर चिंतित हैं। इस क्षेत्र के 2020-21 में कोविड-19 वैश्विक महामारी से प्रभावित रहने के बाद अब इस्पात के उत्पादन और खपत में मजबूत सुधार हुआ है।

### तैयार इस्पात की सालाना खपत 14 फीसदी बढ़ी

*इस्पात मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल-नवंबर में कच्चे इस्पात का संचयी उत्पादन 14.5 प्रतिशत बढ़कर 9.401 करोड़ टन रहा। इसी अवधि में तैयार इस्पात की खपत सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 8.697 करोड़ टन हो गई। भारत ने 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता का लक्ष्य रखा है।*

- पर्याप्त कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विचार
- मजबूत आर्थिक वृद्धि से इस्पात की मांग बढ़ेगी
- बढ़ते आयात और कच्चे माल की ऊंची कीमतों को लेकर चिंता



### एआई के इस्तेमाल पर जोर

*कुलस्ते ने कहा कि इसके अलावा इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्योग की कंपनियों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) और नए युग की प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल पर जोर देने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर भी ध्यान दिया जाएगा। कुलस्ते के पास ग्रामीण विकास राज्य मंत्री का प्रभार भी है।*

### कंपनियां अपनी क्षमता बढ़ा रही

*कुलस्ते ने कहा कि सभी इस्पात कंपनियां अपनी क्षमताएं बढ़ा रही हैं और व्यापार सुगमता सुनिश्चित करने के लिए सरकार उनकी परियोजनाओं से जुड़ी मंजूरी में मदद कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमारा मंत्रालय राज्य सरकारों और उसके अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है, ताकि उनकी परियोजनाओं के समक्ष पेश होने वाली किसी भी समस्या से निपटने में मदद की जा सके।'*

### स्कैप के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर जोर

वर्तमान में देश की क्षमता करीब 16.1 करोड़ टन है। कुलस्ते ने 2024 में इस्पात उद्योग के लिए सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में बात करते हुए कहा, ' हम इस्पात क्षेत्र के लिए पीएलआई 2.0 की तैयारी कर रहे हैं। इस पर विभिन्न स्तरों पर चर्चा जारी है।' इस्पात राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार इस्पात उद्योग के लिए कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी और स्क्रैप के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### स्टील उत्पादों की डंपिंग के कई मामले

*मंत्री ने कहा कि सरकार कोकिंग कोयले की 'सोर्सिंग' के लिए वैकल्पिक विकल्प तलाशने के लिए कई देशों के साथ काम कर रही है। वहीं इंडियन स्टील एसोसिएशन (आईएसए) के अनुसार, पिछले दिनों चीन और वियतनाम सहित कई स्थान पर सामने आए 'स्टील उत्पादों की डंपिंग' के मामले सामने आने के बाद अब नए साल में बढ़ते आयात तथा कच्चे माल की ऊंची कीमतें उद्योग के लिए चिंता का विषय बनी रहेंगी।*

### भारत 90 फीसदी कोल आयात पर निर्भर

*भारत अपनी 90 प्रतिशत कोकिंग कोयले की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है। 2023 में अब तक आयात सात-आठ करोड़ टन के बीच रहा है। आईएसए के महासचिव आलोक सहाय ने कहा कि उद्योग को आयात की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।*

# चालू खाते का घाटा दूसरी तिमाही में घटकर 8.3 अरब डॉलर पर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

- घाटा जीडीपी का एक प्रतिशत रहा
- सेवा निर्यात बढ़ने से चालू खाते का घाटा कम हुआ

देश के चालू खाते के घाटे (कैड) में कमी आई है। यह चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का एक प्रतिशत यानी 8.3 अरब डॉलर रहा है। मुख्य रूप से वस्तु व्यापार का घाटा कम होने तथा सेवा निर्यात बढ़ने से चालू खाते का घाटा कम हुआ है। चालू खाते का घाटा बीते वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 3.8 प्रतिशत यानी 30.9 अरब डॉलर रहा था। कैड मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 9.2 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत था। भारत के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान भुगतान संतुलन की स्थिति पर जारी आंकड़ों के अनुसार, 'कैड चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कम हुआ है। इसका कारण वस्तु व्यापार घाटे (वस्तु निर्यात-आयात का अंतर) का कम होना है। यह 2023-24 की दूसरी तिमाही में 61 अरब डॉलर रहा जो 2022-23 की दूसरी तिमाही में 78.3 अरब डॉलर था।'


## गुमशुदा की तलाश


सुरेंद्र कुमार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** सुरेंद्र कुमार, **पुत्रः** रामसेवक, **पताः** प्रकाश इन्कलेव, छपरौला गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश, **उम्रः** 36 साल, **कदः** 5'4", **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** सामान्य, **बालः** काले व सफेद, **पहनावाः** नीले रंग का स्वेटर, स्लेटी रंग का जैकेट, लेमन रंग की पैंट और पैरों में काले रंग के सिक्योरिटी वाले जूते पहने है, जो दिनांक 18.12.2023 से मकान नं. X/1948, गली नंबर 8, राजगढ़ एक्सटेंशन, शाहदरा, दिल्ली से लापता है। इस बाबत **DD No. 72A, दिनांकः 20.12.2023, थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**DP/14876/SHD/2023**

**थाना प्रमुख**
**पुलिस स्टेशनः कृष्णा नगर, दिल्ली**
**फोनः 9625033038**


# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

- सेंसेक्स 230 अंक चढ़ा, निफ्टी में 92 अंक की तेजी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 229 अंक से अधिक के लाभ में रहा। बिजली, तेल एवं गैस तथा बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 229.84 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,336.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 364.33 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स की तेजी में लगभग 120 अंक का योगदान एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज का रहा। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 91.95 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,441.35 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 41 शेयर लाभ में जबकि नौ नुकसान में रहे। तीन सत्रों में बढ़त के साथ निफ्टी अबतक 291 अंक चढ़ चुका है। वहीं सेंसेक्स 830 अंक के लाभ में रहा है। बिजली, जन केंद्रित सेवाएं, तेल एवं गैस तथा जिंस शेयरों में लिवाली रही जबकि आईटी तथा प्रौद्योगिकी शेयर बिकवाली दबाव में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अगले साल नीतिगत दर में आक्रामक कटौती की उम्मीद में बाजार में तेजी रही।



### एनटीपीसी रहा सबसे ज्यादा मजबूत

*सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी सबसे ज्यादा 2.44 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रहज एचडीएफसी बैंक और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।*

### इन शेयरों में रहा नुकसान

*दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और एचसीएल टेक्नोलॉजीज शामिल हैं।*

# सोने में 250 रुपए की तेजी चांदी 350 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 250 रुपये की तेजी के साथ 63,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी दर्ज हुई। विदेशी बाजारों में तेजी के कारोबार के बाद दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 250 रुपये तक बढ़ गईं।' चांदी की कीमत भी 350 रुपये मजबूत होकर 79,450 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। जबकि पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 79,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।




## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम, निवास और परिवार अज्ञात है, जो दिनांक 21.12.2023 को रात 09:30 बजे दिल्ली के सुल्तानपुरी अंडरपास पर KM पोल संख्या 15/34 से 16/01 के बीच डाउन लाइन पर रेलवे ट्रैक के पास मृत पाया गया। इस संबंध में **डीडी संख्या 24ए, दिनांक 21.12.2023,** को **पुलिस थाना एसआरआरएस, दिल्ली** में दर्ज किया गया है।

इस अज्ञात मृत व्यक्ति का विवरण इस प्रकार है :

**लिंग** : पुरुष, **उम्र** : लगभग 26 वर्ष, **कद** : 5'6", **रंग** : गेहुंआ, **शरीर** : सामान्य, **चोट के निशान** : बाएं कनपटी क्षेत्र पर गहरा घाव, हाथों और पैरों पर कई घर्षण के निशान, **पहनावा** : लाल टी–शर्ट, काली जींस, काली स्वेट शर्ट।

इस अज्ञात मृत शरीर के बारे में यदी कोई जानकारी मिले तो कृपया एसएचओ/एसआरआरएस, दिल्ली को सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस थाना सराय रोहिल्ला**
**रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फोन नं. : 8750871308**

**DP/14915/Railway/2023**

**ई–मेल : sho-rly-srohila-dl@delhipolice.gov.in**


# कर्नाटक में परिवारों की औसत मासिक आय सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** देश में परिवारों की औसत मासिक आय के मामले में कर्नाटक सबसे आगे है। वर्ष 2023 में कर्नाटक में प्रति परिवार औसत मासिक आय 35,411 रुपये रही और इस मामले में उसने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। मनी9 वार्षिक पर्सनल फाइनेंस पल्स सर्वेक्षण- 2023 के नतीजों में यह जानकारी दी गई है। सर्वेक्षण में यह बात भी सामने आई है कि देश के नागरिकों के लिए इलाज का खर्च उठाना भारी पड़ रहा है। अचानक किसी गंभीर बीमारी की वजह से इस साल 22 प्रतिशत से अधिक भारतीयों को अपनी जीवन भर की बचत गंवानी पड़ी है। वहीं 56 प्रतिशत भारतीय परिवार ऐसे हैं जो आज भी नौकरी छूटने के डर के बीच जी रहे हैं।

### सेल क्षमता विस्तार पर खर्च करेगी ओला

*नई दिल्ली। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की अपने 5,500 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में से 1,226.43 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अपने सेल विनिर्माण संयंत्र की क्षमता बढ़ाने पर खर्च करने की योजना बनाई है। कंपनी संयंत्र की क्षमता पांच गीगावाट से बढ़ाकर 6.4 गीगावाट तक करने की योजना बना रही है। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड द्वारा पिछले सप्ताह पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ से जुटाए गए 1,600 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अनुसंधान एवं उत्पाद विकास पर खर्च किए जाएंगे।*

### अदाणी परिवार हरित ऊर्जा इकाई में करेगा निवेश

*नई दिल्ली। अरबपति गौतम अदाणी और उनका परिवार हरित ऊर्जा इकाई में 9,350 करोड़ रुपये का निवेश करेगा ताकि कंपनी को वर्ष 2030 तक 45 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य हासिल करने लायक बनाया जा सके। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने प्रवर्तकों को 1,480.75 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 6.31 करोड़ तरजीही वारंट जारी करने की योजना को मंजूरी दी। इस तरह वारंट जारी कर 9,350 करोड़ रुपये की राशि जुटाई जाएगी।*


### जॉब

☛ FRAUD कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता WHATSAPP करें 6296026501.


# कर्नाटक में परिवारों की औसत मासिक आय सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** देश में परिवारों की औसत मासिक आय के मामले में कर्नाटक सबसे आगे है। वर्ष 2023 में कर्नाटक में प्रति परिवार औसत मासिक आय 35,411 रुपये रही और इस मामले में उसने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। मनी9 वार्षिक पर्सनल फाइनेंस पल्स सर्वेक्षण- 2023 के नतीजों में यह जानकारी दी गई है। सर्वेक्षण में यह बात भी सामने आई है कि देश के नागरिकों के लिए इलाज का खर्च उठाना भारी पड़ रहा है। अचानक किसी गंभीर बीमारी की वजह से इस साल 22 प्रतिशत से अधिक भारतीयों को अपनी जीवन भर की बचत गंवानी पड़ी है। वहीं 56 प्रतिशत भारतीय परिवार ऐसे हैं जो आज भी नौकरी छूटने के डर के बीच जी रहे हैं। सर्वेक्षण में भारतीय परिवारों की आमदनी, खर्च, जीवन स्तर, बचत, निवेश और भविष्य की आकांक्षाओं की पड़ताल की गई है। राज्यों की मासिक आय के बारे में इसमें कहा गया है, 'देश में परिवारों की औसत मासिक आय के मामले में कर्नाटक ने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। वर्ष 2023 में कर्नाटक में प्रति परिवार औसत मासिक आय 35,411 रुपये रही।



# निवेशकों को घाटा दे गए 2 आईपीओ, एक ने पहुंचाया फायदा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

साल 2023 में कारोबार के आखिरी हफ्ते में लिस्ट हुए दो आईपीओ निवेशकों को निराश कर गए तो एक आईपीओ में निवेशकों को फायदा हुआ। मुथूट माइक्रोफिन और सूरज एस्टेट डेवलपर्स के आईपीओ निवेशकों को फायदा नहीं दे पाए और डिस्काउंट पर लिस्ट हुए हैं। मुथूट माइक्रोफिन का आईपीओ मंगलवार को अपने इश्यू प्राइस के मुकाबले लगभग 5 फीसदी डिस्काउंट पर लिस्ट हुआ। ग्रे मार्केट में भी मुथूट कंपनी के आईपीओ को अच्छा रिस्पोंस नहीं मिला था। इसके बाद से ही इसकी कमजोर लिस्टिंग के कयास लगाए जाने लगे थे। इसके अलावा सूरज एस्टेट डेवलपर्स का आईपीओ भी निवेशकों को फायदा नहीं पहुंचा पाया। यह अपने इश्यू प्राइस से लगभग 6 फीसदी कम रेट पर 340 रुपए पर लिस्ट हुआ है। मुथूट का इश्यू प्राइस के मुकाबले डिस्काउंट पर लिस्ट हुई। कंपनी ने इश्यू प्राइस 291 प्रति शेयर रखा था। मगर, यह एनएसई पर यह 4.56 फीसदी डिस्काउंट के साथ 275.30 रुपए प्रति शेयर में लिस्ट हुआ। बीएसई पर ये स्टॉक 4.47 फीसदी छूट के साथ 278 रुपए पर खुला।


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियन्ता/सर्वे व निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर **एक पैकेट खुली ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** मुल्लांपुर स्टेशन – बरनाला रेलवे स्टेशन वाया रायकोट के बीच नई लाइन के लिए पीईटी सर्वेक्षण के संबंध में "मुल्लांपुर से बरनाला रेलवे स्टेशन वाया रायकोट के बीच नयी रेलवे लाइन का प्रारंभिक इंजीनियरिंग सह यातायात सर्वेक्षण, पुलों के जीएडी, L- सेक्शन, यार्ड योजनाओं, अन्य संरचनाओं की ड्राइंग तैयार करना, डीपीआर और अन्य प्रारंभिक गतिविधियाँ तैयार करना और प्रस्तुत करना"। |
| 2 | **कार्य निष्पादन की अवधि :** 06 माह |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 21,12,283.99/- |
| 4 | **धरोहर राशि :** रु. 42,300/- |
| 5 | **ई-निविदा जमा करने व खुलने का समय, तारीख व स्थान :** निविदाएं दिनांक 15.01.2024 तक आईआरईपीएस वेबसाईट और www.ireps.gov.in पर 15.30 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, जो 15.01.2024 को 15.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | **विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज :** विस्तृत ई–निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेबसाईट www.nr.indianrailways.gov in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं के दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए 01.01.2024 से 15.01.2024 तक उपलब्ध होगें। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गयी हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

**सं.: 301-W-SnC-TKJ-PET-NEW LINE-Mullanpur-Barnala Via Raikot/2023 दिनांक: 23.12.2023 4038/23**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचन निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में आवासीय क्षेत्र समेत कैम्पस में विभिन्न सड़कों में रोड मार्किंग अर्थात ऐज लाइन, सेंटर लाइन, जेब्रा लाइन का प्रावधान व बिछाना। | 21.12.2023 11.01.2024 | 20.93 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23694/I/88/7 दि. 26.12.23


## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** – नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** – आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5376



**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -5375 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5386

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5385 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |


## खबर संक्षेप



### हॉकी इंडिया महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए खिलाड़ी घोषित

**बेंगलुरू।** ओलंपिक क्वालीफायर और हॉकी फाइव्स विश्व कप की तैयारी के लक्ष्य के साथ भारत की 34 खिलाड़ी गुरुवार से यहां सीनियर महिला हॉकी कोचिंग शिविर में हिस्सा लेंगी। स्पेन में पांच देशों के टूर्नामेंट में मेजबान के अलावा बेल्जियम, जर्मनी और आयरलैंड से भिड़ने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को ब्रेक मिला था और अब वे शिविर में हिस्सा लेंगी। ओलंपिक क्वालीफायर रांची में 13 से 19 जनवरी तक होने हैं जिसमें भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है। पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य को जगह मिली है। इसके बाद भारतीय टीम ओमान के मस्कट के लिए रवाना होगी जहां वे 24 से 27 जनवरी तक हॉकी फाइव्स विश्व कप में हिस्सा लेंगी।

### भारत ए और द.अफ्रीका ए का मैच का बारिश से धुला



**बेनोनी।** भारत ए और दक्षिण अफ्रीका के बीच यहां खेले जाने वाले दूसरे चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन का खेल बारिश के कारण नहीं हो पाया। बारिश और आउटफील्ड गीली होने के कारण पहले दिन टॉस भी नहीं हो पाया। अंपायरों ने खेल शुरू नहीं होने की स्थिति को देखते हुए दिन का खेल रद्द करने की घोषणा की। इन दोनों टीम के बीच पहला चार दिवसीय मैच ड्रॉ रहा था। भारतीय टीम ने उस मैच में दक्षिण अफ्रीका ए के 319 रन के जवाब में प्रदोष रंजन पाल के 163 रन की मदद से 417 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने मैच ड्रॉ घोषित किए जाने से पहले अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 152 रन बनाए थे।

### टेस्ट वार्नर ने अपनी जगह लेने हैरिस को चुना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर खेल के सबसे लंबे प्रारूप को अलविदा कहने के बाद अपनी जगह पारी का आगाज करने की भूमिका में मार्कस हैरिस को टीम में देखना चाहते हैं।



वॉर्नर पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ चल रही तीन टेस्ट मैचों की मौजूदा श्रृंखला इस प्रारूप में उनकी आखिरी टेस्ट श्रृंखला होगी। वार्नर ने मंगलवार को कहा, '' यह कठिन है। यह स्पष्ट रूप से चयनकर्ताओं पर निर्भर है। अगर मेरी राय पूछी जाये तो मैं हैरिस का नाम लूंगा जो काफी समय से इसका दावेदार है और काफी समय से टीम के साथ रहा है। उसने कुछ दिन पहले शतक (विक्टोरिया एकादश और पाकिस्तान के बीच अभ्यास मैच) भी लगाया है।

### श्रृंखला जीतने भाग्य की थोड़ी जरूरत होगी: द्रविड़



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा दौरे पर टेस्ट श्रृंखला को जीतने के लिए उनकी टीम को किस्मत की भी थोड़ी जरूरत होगी। भारतीय टीम ने 1992 में पहली बार दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। टीम हालांकि पिछले 31 साल में उस देश में आठ टेस्ट श्रृंखला में से एक को भी जीतने में सफल नहीं रही है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में सफलता का स्वाद चख चुकी भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में 23 टेस्ट में सिर्फ चार जीत दर्ज की हैं। द्रविड़ ने कहा कि भाग्य का साथ भी हालांकि तभी मिल सकता है जब आप अपने कौशल का अच्छा इस्तेमाल कर यह सुनिश्चित करते हैं कि आप गेंद को सही क्षेत्र में डाल रहे हैं।

## टेस्ट क्रिकेट : कोहली ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पूरे किए 2,101 रन

# विराट बने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक और उपलब्धि अपने नाम की। भारत की पहली पारी में 35 रन बनाते ही वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा 2,101 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। रोहित ने अब तक खेले 26 टेस्ट की 42 पारियों में 2,097 रन बनाए हैं।

### जो रूट हैं अभी शीर्ष पर

इस सूची में शीर्ष पर इंग्लैंड के जो रूट 47 मैच, 86 पारियां 3,987। दूसरे नंबर पर मार्नस लाबुशेन 3,641, तीसरे पर स्टीव स्मिथ 3,223, चौथे पर बेन स्टोक्स 2,710 और 5वें पर बाबर आजम 2,570 हैं। इस सूची में कोहली 10वें स्थान पर हैं। उनके अब 2,101 रन हो गए हैं।



### सेंचुरियन में विराट ने तोड़ा संगकारा का रिकॉर्ड

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेले जा रहे पहले टेस्ट में 18 रन बनाते ही भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक उपलब्धि अपने नाम की। कोहली अब सुपरस्पोर्ट पार्क में सबसे ज्यादा रन (244*) बनाने वाले मेहमान बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगाकारा को पीछे छोड़ दिया है। संगाकारा ने इस मैदान पर 3 टेस्ट की 6 पारियों में 228 रन बनाए थे।

### कोहली के टेस्ट करियर पर एक नजर

कोहली ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2011 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 112 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 188 पारियों में 8,714 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। कोहली की औसत टेस्ट क्रिकेट में 49.23 की रही है। उन्होंने क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट में 29 शतक और 29 अर्धशतक लगाए हैं। उनका टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254 रन रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में उन्होंने 38 रन बनाए।

## रबाडा ने रोहित को 13वीं बार किया आउट

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। टीम के कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका की धरती पर फ्लॉप रहे। वह 14 गेंद में 5 रन बनाकर कगिसो रबाडा की गेंद पर कैच आउट हो गए। बता दें कि रोहित दक्षिण अफ्रीका में जब भी खेलते हैं उनके बल्ले से रन नहीं निकलते। वहीं कगिसो रबाडा ने रोहित का विकेट लेकर इतिहास रच दिया। रबाडा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित को सर्वाधिक 13 बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए।

रोहित का दक्षिण अफ्रीका की सरजमीं पर रिकॉर्ड बेहद खराब है। उन्होंने वहां अपना पहला टेस्ट मैच साल 2013 में खेला था। उन्होंने अब तक 5 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 9 पारियों में 14.22 की बेहद



साधारण औसत के साथ सिर्फ 128 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से दक्षिण अफ्रीका में 1 भी शतक या अर्धशतक नहीं निकला है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर सिर्फ 47 रन रहा है।

### रबाडा के नाम 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट



पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 विकेट हासिल कर एक कीर्तिमान अपने नाम जोड़ लिया। इसके साथ ही उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 विकेट भी पूरे हो गए। कहर बरपाती हुई गेंदबाजी करते हुए रबाडा ने भारत के खिलाफ टेस्ट पारी में पहली बार कम से कम 5 विकेट लेने का कारनामा किया है।

### बारिश ने जल्द खत्म कराया पहले दिन का खेल, भारत के 208/8 रन

*भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले के पहले दिन मंगलवार को यहां तीसरे सत्र में खराब रोशनी और बारिश के कारण खेल जल्दी समाप्त करना पड़ा। दिन का खेल समाप्त घोषित किए जाने के समय भारत ने 59 ओवर में आठ विकेट पर 208 रन बनाए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल 70 रन बनाकर क्रीज पर मोहम्मद सिराज (शून्य) के साथ मौजूद है। भारत के लिए विराट कोहली (38), श्रेयस अय्यर (31) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए कैगिसो रबाडा ने पांच विकेट लिये।*

### अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होंगे पहले दृष्टिबाधित क्रिकेटर रेड्डी



**नई दिल्ली।** बचपन में अजय कुमार रेड्डी सैनिक बनकर देश की सेवा करना चाहते थे। जब उन्हें पता चला कि दृष्टिबाधित लोग सेना में प्रवेश नहीं कर सकते तो उनका दिल टूट गया। कम उम्र में ही आंशिक रूप से दृष्टिबाधित हुए अजय ने हालांकि जल्द ही भारत की सेवा करने का एक और तरीका ढूंढ लिया: क्रिकेट खेलना और विश्व कप जीतना। उनके योगदान के लिए उन्हें अगले महीने अर्जुन पुरस्कार मिलेगा और वह दृष्टिबाधित क्रिकेट में यह सम्मान पाने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। आंध्र प्रदेश के गुराजाला में जन्में भारतीय दृष्टिबाधित टीम के कप्तान अजय ने चार साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपनी बाईं आंख की रोशनी गंवा दी थी। उन्होंने 2010 में भारत के लिए पदार्पण किया और टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा बने लेकिन इससे उन्हें ज्यादा खुशी नहीं मिली।

उन्होंने कहा, ''पहली बार हमने टी20 विश्व कप जीता। पाकिस्तान क्रिकेटरों ने कहा 'ओह, यह एक नया प्रारूप है, आप भाग्यशाली थे इसलिए जीत गए। वनडे में हम नंबर एक हैं'। चोट से जूझते हुए खिताबी मुकाबले में नाबाद 74 रन बनाने वाले अजय ने कहा, ''2014 एकदिवसीय फाइनल में पाकिस्तान को हराना मेरे जीवन का सबसे अच्छा पल था।''

## सिमरनजीत, स्वीटी और पूजा राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

- सिमरनजीत ने सेफा में हरियाणा की मनीषा को 4-3 से हराया

तोक्यो ओलंपिक में भाग ले चुकी सिमरनजीत कौर ने मंगलवार को यहां 60 किग्रा भार वर्ग में मनीषा मौन पर करीबी अंतर से जीत दर्ज करके राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप 2018 में कांस्य पदक जीतने वाली पंजाब की 28 वर्षीय मुक्केबाज सिमरनजीत ने सेमीफाइनल में हरियाणा की मनीषा को 4-3 से हराया। फाइनल में उनका मुकाबला राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लाम्बोरिया से होगा। सेना की तरफ से खेल रही जैस्मीन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हिमाचल प्रदेश की मेनका देवी को 5-0 से पराजित किया। विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा (81 किग्रा) और दो बार की एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता पूजा रानी (75 किग्रा) ने अपनी शीर्ष रैंकिंग के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में आसान जीत दर्ज की। असम की अंकुशिता बोरो और सेना की अरुंधति चौधरी 66 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में आमने-सामने होंगी। अंकुशिता ने हिमाचल प्रदेश की दीपिका को जबकि अरुंधति ने नागालैंड की संजू को समान 5-0 के अंतर से हराया। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी 48 किग्रा के सेमीफाइनल में मीनाक्षी से हार गई। विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली सोनिया लाठेर हालांकि 57 किग्रा के सेमीफाइनल में पंजाब की मनदीप कौर को हराने में सफल रही।

## अफ्रीका के कप्तान बावुमा चोटिल, आगे खेलना संदिग्ध



एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा को भारत के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन मंगलवार को यहां बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण मैदान छोड़ना पड़ा और उनका मैच में आगे खेलना संदिग्ध है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसन पर लगाए गए विराट कोहली के ड्राइव को रोकने के प्रयास में बावुमा चोटिल हो गए और उन्हें 20वें ओवर में मैदान छोड़ना पड़ा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार, ''स्कैन से पता चला है कि उनकी बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। उनके स्थान पर डीन एल्गर ने कार्यवाहक कप्तान के रूप में जिम्मेदारी संभाली। एल्गर ने इस श्रृंखला के बाद संन्यास लेने की घोषणा की है।

## इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में इन भारतीय बल्लेबाजों ने लगाए शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल भारतीय क्रिकेट टीम के प्रमुख खिलाड़ियों ने टी-20 क्रिकेट में कम शिरकत की। ऐसे में कई नए खिलाड़ियों को टी-20 क्रिकेट खेलने का मौका मिला, जिसका फायदा उन्होंने उठाया। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम से 2023 में कुल 5 शतक लगे। प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम की कमान संभालने वाले सूर्यकुमार यादव ने ही इस साल 2 शतक लगाए।



### सूर्यकुमार यादव बनाम श्रीलंका

सूर्यकुमार ने इस साल की शुरुआत में जनवरी में श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ नाबाद 112 रन बनाए थे। उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का यह तीसरा शतक रहा, जिसे उन्होंने 45 गेंदों में पूरा किया। उनकी इस धमाकेदार पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 228 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंकाई टीम 137 रन पर ही ढेर हो गई और भारत ने 91 रन से जीत दर्ज की।



### शुभमन गिल बनाम न्यूजीलैंड

शुभमन गिल ने इस साल अपनी बल्लेबाजी से खूब सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने 1 फरवरी को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद 126 रन की पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय का अपना पहला शतक रहा। वह इस प्रारूप में भारत की ओर से शतक लगाने वाले सिर्फ 7वें बल्लेबाज बने। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 234/4 का स्कोर बनाया और मैच में 168 रन से जोरदार जीत दर्ज की थी।

### रुतुराज बनाम ऑस्ट्रेलिया



रुतुराज गायकवाड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में 52 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उनकी पारी की बदौलत भारत ने पहले खेलते हुए 222/3 का स्कोर बनाया था। वह कंगारू टीम के खिलाफ टी-20 प्रारूप में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने थे। दिलचस्प रूप से गायकवाड़ ने पारी का आखिरी ओवर फेंकने आए ग्लेन मैक्सवेल के आखिरी ओवर में से 27 रन बटोरे, जिसमें 3 छक्के भी शामिल थे।

### यशस्वी जायसवाल बनाम नेपाल



एशियाई खेलों में यशस्वी जायसवाल ने नेपाल क्रिकेट टीम के खिलाफ शानदार शतक (100) लगाया। यह उनके युवा टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक रहा। वह 49 गेंदों में 100 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। उस समय 21 वर्षीय जायसवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बने थे। उन्होंने गिल (23 साल और 146 दिन) का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा था।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट : ग्राउंड पर पहुंचा कबूतर का झुंड, थोड़ी देर रोका गया मैच

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मंगलवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू हुआ। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट के नुकसान पर 187 रन बना लिए। मार्नस लाबुशेन (44) और ट्रेविस हेड (9) की जोड़ी नाबाद लौटी।

**कबूतरों का झुंड आ गया था ग्राउंड पर**

मेलबर्न टेस्ट के पहले दिन ग्राउंड पर एक फनी मोमेंट देखने को मिला। दरअसल, मैच के 48वें ओवर के दौरान जब स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी कर रहे थे तभी कबूतरों का एक झुंड ग्राउंड पर आ गया था, जिसके बाद मैच को थोड़ी देर के लिए रोक दिया गया। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली को मैदान पर कबूतर उड़ाते हुए देखा गया।



### मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में

*बात करें मैच की तो मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट खोकर 187 रन स्कोरबोर्ड पर लगा दिए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पहला विकेट डेविड वार्नर के रूप में 90 के स्कोर पर खोया था। इसके बाद 108 पर उस्मान ख्वाजा पवेलियन लौट गए थे। फिर स्टीव स्मिथ के रूप में ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका 154 के स्कोर पर लगा था। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी और हसन अली को 1-1 विकेट मिला है। 1 विकेट आगा सलमान के खाते में गया है।*

## न्यूजीलैंड को उसके घर पर टी-20 मैच में नहीं हरा पाया है बांग्लादेश

# न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच पहला टी-20 मैच आज

एजेंसी ▶▶| नेपियर

वनडे सीरीज को 2-1 से अपने नाम करने के बाद अब न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच आज 27 दिसंबर से टी-20 सीरीज शुरू होगी। पहला मैच नेपियर के मैकलीन पार्क में खेला जाएगा।

अब तक कीवी टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने घर पर कोई टी-20 मैच नहीं गंवाया है और मेजबान टीम अपने इस रिकॉर्ड को बरकरार रखने का प्रयास करेगी। इस मैच को भारतीय समयानुसार सुबह 11:40 बजे से अमेजन प्राइम वीडियो पर लाइव देखा जा सकता है।

### सेंटनर की कप्तानी में खेलेगी न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड से केन विलियमसन और काइल जैमीसन इस सीरीज से हट चुके हैं और मिचेल सेंटनर की कप्तानी में टीम चुनौती पेश करेगी। कीवी टीम से बेन सियर्स और टिम साउथी के रूप में प्रमुख तेज गेंदबाज उतर सकते हैं। ऑलराउंडर जेम्स नीशम को भी मौका मिल सकता है।



### नजमुल शांतो संभालेंगे बांग्लादेश की कमान

बांग्लादेशी टीम इस दौरे पर सौम्य सरकार और लिटन दास से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। सरकार ने हाल ही में समाप्त हुई वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में बड़ा शतक लगाया था। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो भी अपनी टीम के लिए उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।

**संभावित एकादश न्यूजीलैंड :** फिन एलन, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, जेम्स नीशम, मिचेल सेंटनर (कप्तान), टिम साउथी, ईश सोढ़ी और बेन सियर्स।

**संभावित एकादश बांग्लादेश :** सौम्य सरकार, मेहदी हसन मिराज, रोनी तालुकदार, नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), लिटन दास (विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, तंजीम हसन, अफीफ हुसैन, शोरफुल इस्लाम, हसन महमूद और मुस्तफिजुर रहमान।

## हरमनप्रीत कौर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के बाद सिद्धि विनायक मंदिर पहुंची, कोच भी आए नजर



*__मुंबई।__ भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इकलौते टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराया था। इसके साथ ही भारतीय महिलाओं ने इतिहास रच दिया था। यह भारतीय महिला टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में पहली जीत थी। इस जीत के बाद अब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचीं। इस दौरान उनके साथ टीम के कोच अमोल मजूमदार भी नजर आए।*

# नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी विध्वंसक जहाज 'इंफाल'



### विशेषताएं

- 163 मीटर लंबाई, 17 मीटर चौड़ाई, 7,400 टन वजन
- अधिकतम गति 30 समुद्री मील (56 किलोमीटर प्रति घंटा)
- एमआर एसएएम, ब्रह्मोस एसएसएम, स्वदेशी टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर,
- पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और 76 मिमी. एसआरजीएम शामिल
- एएसडब्ल्यू हेलीकॉप्टरों से लैस
- सतह से सतह पर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से सुसज्जित
- परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध के समय में भी लड़ने में सक्षम
- चार शक्तिशाली गैस टर्बाइनों से मिलती है ताकत
- स्वदेशी रूप से डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित
- निर्माण में लगभग 75 प्रतिशत की उच्च स्वदेशी सामग्री का उपयोग
- प्रोजेक्ट 15बी के तहत मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने बनाया
- आधुनिक निगरानी रडार इसके तोपखाने हथियार प्रणालियों को लक्ष्य डेटा प्रदान करता है
- निर्माण और उसके परीक्षणों में सबसे कम समय में तैयार
- जहाज निर्माण में 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का प्रमाण

### प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक

- पहला आईएनएस विशाखापत्तनम 2021 को नौसेना में शामिल
- दूसरा आईएनएस मोर्मुगाओ 2022 को नौसेना में शामिल
- तीसरा आईएनएस इंफाल 2023 को नौसेना में शामिल
- चौथा आईएनएस सूरत 2024 को नौसेना में शामिल होगा

### 'इंफाल' का सफर

- 19 मई 2017: आधारशिला रखी गई
- 16 अप्रैल 2019: राष्ट्रपति ने दी मंजूरी
- 20 अप्रैल 2019: जलावतरण
- 28 अप्रैल 2023: पहली समुद्री सैर के लिए रवाना हुआ
- 20 अक्टूबर 2023: व्यापक परीक्षण के लिए भारतीय नौसेना को सौंपा
- 22 नवंबर 2023: ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण
- 28 नवंबर 2023: नई दिल्ली में क्रेस्ट अनावरण
- 26 दिसंबर 2023: भारतीय नौसेना में शामिल

## खबर संक्षेप

### कार कंपनी बना रही 'मिनी पावर प्लांट'



**लंदन।** दुनिया की सबसे लग्जरी कार बनाने वाली कंपनी रोल्स रॉयस ने मिनी परमाणु संयंत्र का मॉडल प्रदर्शित किया। यह 120 इंच लंबा मिनी न्यूक्लियर रिएक्टर है। इस संयंत्र के जरिए चांद पर बनने वाली इंसानी बस्ती को लगातार बिजली सप्लाई होती रहेगी।

### पाकिस्तान में पहली बार हिंदू महिला चुनाव लड़ेगी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पहली बार कोई हिंदू महिला विधानसभा चुनाव लड़ रही है। 25 साल की डॉक्टर सवीरा प्रकाश को बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिया है।


### टेक-ऑफ के दौरान मिग-29 का टायर फटा



**पणजी।** गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान भरने के दौरान मिग 29 विमान का टायर फट गया। गनीमत रही कि इससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। टायर फटने के बाद विमान को रनवे के किनारे खड़ा कर दिया गया और तत्काल मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची।

### एमवी केम प्लूटो पर ड्रोन अटैक को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चेतावनी

# हमलावरों को सागर तल से भी ढूंढ निकालेंगे... कठोर कार्रवाई करेंगे



*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक शक्ति ने कुछ ताकतों में ईर्ष्या और नफरत भर दी है। व्यापारिक जहाजों पर हमला करने वालों को सागर तल से भी ढूंढ निकालेंगे और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेंगे।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शनिवार को भारत आ रहे व्यापारिक जहाज पर किए गए ड्रोन हमले पर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि भारत सरकार इस हमले को गंभीरता से ले रही है, जिन्होंने भी इस हमले को अंजाम दिया है उन्हें हम सागर तल से भी ढूंढ निकालेंगे। आईएनएस इंफाल, एक प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, को मंगलवार को नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में आयोजित एक समारोह में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आजकल समंदर में हलचल कुछ ज़्यादा ही बढ़ गई है। अरब सागर में व्यापारिक जहाज (एमवी) केम प्लूटो पर हाल ही में हुए संदिग्ध ड्रोन हमले और लाल सागर में 'एमवी साईं बाबा' पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक शक्ति ने कुछ ताकतों में ईर्ष्या और नफरत भर दी है।

### खास बातें

- भारत की आर्थिक और सामरिक शक्ति बढ़ रही है
- तीनों सेनाओं के आधुनिकीकरण पर सरकार प्रतिबद्ध
- वैश्विक व्यापार बहुत महत्वपूर्ण

### नौसेना में प्रत्येक गांव से अग्निवीर

रक्षा मंत्री ने कहा कि नौसेना का लक्ष्य देश के प्रत्येक जिले, प्रत्येक ब्लॉक और प्रत्येक गांव से कम से कम एक अग्निवीर को शामिल करना है। उन्होंने कहा, "रणनीति है कि देश के हर कोने से युवाओं- पुरुषों और महिलाओं- को आकर्षित करना, सेवा में रहने के दौरान उन्हें कुशल बनाना, शिक्षा संस्थानों के माध्यम से उनकी क्षमताओं को प्रमाणित करना, राष्ट्रवाद की भावना पैदा करना और यह सुनिश्चित करना कि वे नौसेना में अपनी नौकरी के बाद असैनिक क्षेत्र में फिर से एक बहुत उपयोगी व्यक्ति के रूप में शामिल हो सकें। हमारा लक्ष्य ऐसे राष्ट्रवादी कार्यबल को पूरे देश में फैलाना है।"

### नौसेना की क्षमताओं को बढ़ाएंगे

राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए तीनों सेनाओं के आधुनिकीकरण पर सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि पहले की सरकारें केवल देश को भूमि आधारित खतरों से बचाने पर ध्यान केंद्रित करती थीं। उन्होंने बताया कि उत्तर में हिमालय और पश्चिम में पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण, भारत का अधिकांश माल व्यापार समुद्र के माध्यम से होता है, जो इसे 'व्यापार' के दृष्टिकोण से एक द्वीप देश बनाता है। उन्होंने नौसेना की क्षमताओं को लगातार विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि भारत के राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने के लिए वैश्विक व्यापार बहुत महत्वपूर्ण है।

### आईएनएस इंफाल आत्मनिर्भरता का बड़ा उदाहरण

*राजनाथ सिंह ने आईएनएस इंफाल को रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' का एक चमकदार उदाहरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना, एमडीएल और अन्य सभी हितधारकों की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा, "आईएनएस इंफाल भारत की बढ़ती समुद्री शक्ति का प्रतीक है और यह इसे और मजबूत करेगा। यह भारत-प्रशांत क्षेत्र में 'जलमेव यस्य, बलमेव तस्य' (जो समुद्र को नियंत्रित करता है, वह सर्वशक्तिमान है) के हमारे सिद्धांत को मजबूत करेगा।"*

#### सरकार ने हमलों को बहुत गंभीरता से लिया

*रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने हमलों को बहुत गंभीरता से लिया है और नौसेना ने अपनी निगरानी बढ़ा दी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन हमलों के अपराधियों को जल्द ही न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

#### समुद्री रास्ते को सुरक्षित बनाए रखेंगे

राजनाथ सिंह ने कहा, "भारत पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में एक नेट सुरक्षा प्रदाता की भूमिका निभाता है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस क्षेत्र में समुद्री व्यापार नई ऊंचाइयों को छुए। इसके लिए हम अपने मित्र देशों के साथ मिलकर समुद्री मार्गों को वाणिज्यिक और व्यापारिक कार्यों के लिए सुरक्षित रखेंगे। हमें अपनी नौसेना की क्षमता और ताकत पर पूरा भरोसा है।"

### 'लंगर' परोसते खेल मंत्री अनुराग



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा बंगला साहिब में 'लंगर' परोसा।

### फिर कोरोना का खतरा बढ़ा

## देश में मिले 412 नए केस जेएन.1 के 69 मामले मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कोरोना महामारी एक बार फिर तेजी से पैर पसार रहा है। हर दिन नए मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि भारत में कोविड-19 के 412 नए मामले सामने आए हैं। इससे संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,170 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह 8 बजे अद्यतन आंकड़े जारी किए गए। कर्नाटक में 24 घंटे में संक्रमण से तीन और लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,33,337 हो गई। वहीं, भारत में वर्तमान में कोविड मामलों की संख्या 4,50,09,660 है।

केरल के लोगों के लिए राहत की बात है। केरल में 24 घंटे में कोविड-19 का कोई नया मामला सामने नहीं आया और उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,096 रह गई है। मंगलवार सुबह 8 बजे तक देश भर में सामने आए 116 नए मामलों में से केरल से कोई नया मामला सामने नहीं आया।

### मुंबई पहुंचा फ्रांस में रोका गया प्लेन

## मानव तस्करी के संदेह में 4 दिन से फंसे थे यात्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भारतीय यात्रियों सहित 303 पैसेंजर्स को ले जाने वाले जिस प्लेन को फ्रांस में मानव तस्करी के संदेह में रोका गया था, वह मुंबई पहुंच गया है। इस प्लेन के साथ 276 यात्री भारत पहुंचे हैं। प्लेन ने दोपहर के करीब 2.30 बजे फ्रांस के वैट्री हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और मुंबई में मंगलवार सुबह करीब 4 बजे लैंडिंग की। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही सीआईएसएफ ने इनसे पूछताछ की। फ्रांसीसी अधिकारियों के मुताबिक जब विमान ने मुंबई के लिए उड़ान भरी तो उसमें 276 यात्री सवार थे और दो नाबालिगों सहित 25 लोगों ने शरण के लिए आवेदन करने की इच्छा व्यक्त की थी। उस समय वह फ्रांस की धरती पर थे। दो नाबालिगों को जज के सामने पेश किया गया।

### एक-एक कर बिक रही दाऊद इब्राहिम की संपत्तियां

## अब मुंबई और रत्नागिरी वाले बंगले होंगे नीलाम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादी दाउद इब्राहिम की संपत्तियां अगले महीने नीलाम होंगी। तस्करी और विदेशी मुद्रा हेरफेर अधिनियम के तहत 5 जनवरी को नीलामी होगी। दाऊद की संपत्ति फेमा के तहत जब्त की गई थी। महाराष्ट्र के रत्नागिरी की दाऊद के बंगले और आम के बगीचे की नीलामी होगी। रत्नागिरी की कुल 4 प्रॉपर्टी की नीलामी होगी। इसमें एक बंगला और मैंगो प्लांटेशन हैं।

#### अखबारों में दिया विज्ञापन

केंद्र सरकार ने अखबारों में विज्ञापन भी दिया गया है। बताया जा रहा है कि नीलामी दोपहर 2 से 3.30 बजे होगी। कुछ साल पहले रत्नागिरी के खेड़ तालुका में बंगले और आम के बागों सहित कुल चार संपत्तियों को जब्त कर लिया गया था। इन्हीं की अगले महीने नीलामी होगी। सरकार पहले भी दाऊद इब्राहिम के परिवार से संबंधित कई संपत्तियों की पहचान कर उसकी नीलामी कर चुकी है। दाऊद की 11 संपत्तियों की पहली बार नीलामी साल 2000 में आयकर विभाग की ओर से की गई थी।



#### कई संपत्तियां नीलाम की गईं

दाऊद परिवार के 4.53 करोड़ का एक रेस्तरां, 3.53 करोड़ के छह फ्लैट और 3.52 करोड़ का एक गेस्ट हाउस नीलाम किए जा चुके हैं। 2020 में रत्नागिरी में दाऊदकी संपत्ति 1.10 करोड़ में नीलाम की गई, जिसमें दो प्लॉट और एक बंद पड़ा पेट्रोल पंप शामिल था। खेड़ तालुका के लोटे गांव में ये संपत्तियां दाऊद की दिवंगत बहन हसीना पारकर के नाम पर दर्ज थीं। नागपाडा में 600 वर्ग फीट का डी कंपनी का एक फ्लैट 2019 में 1.80 करोड़ में नीलाम हुआ था। 2018 में पाकमोडिया स्ट्रीट में संपत्ति की नीलामी की थी।

### भाजपा ने फिलहाल विपक्ष को आमंत्रण देकर गुगली फेंक दी


## 'मंदिर' जाने पर फंसा गठबंधन पहुंचने पर आड़े आ रहा 'बंधन'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भाजपा ने फिलहाल विपक्ष को आमंत्रण देकर गुगली फेंक दिया है। इंडिया गठबंधन के बहुत से साथियों के लिए ऊहापोह की स्थिति है। गठबंधन की 19 दिसंबर वाली बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी कि राम मंदिर का श्रेय लेने से किस तरह भाजपा को रोका जाए, पर राममंदिर को लेकर भाजपा की आक्रामक रणनीति में विपक्ष बुरी तरह फंस गया है। कम्युनिस्ट पार्टियों को छोड़कर अन्य दल अभी भी समझ नहीं पा रहे हैं कि उन्हें क्या करना चाहिए?

**सीपीआईएम नहीं होगी शामिल:** राम मंदिर मुद्दे पर सबसे पहली चिंता सीपीएम नेता सीताराम येचुरी ने की थी। वामदलों की ओर से सीपीआईएम नेता बृंदा करात ने साप कर दिया है कि हमारी पार्टी राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं होगी। वे एक धार्मिक कार्यक्रम को राजनीति से जोड़ रहे हैं।

#### अगर हिंदू धर्म नहीं, तो इस्लाम अपना लो...



स्वामी प्रसाद के विवादित बयान ने सियासी हलचल बढ़ी है। अब सभी एक मुद्दे पर अपनी राय दे रहे है और गिरिराज सिंह ने इस पर कड़ा एतराज किया है। स्वामी प्रसाद के बयान पर गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। इसको लेकर अब गिरिराज का बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा कि सनातन भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है और अगर हिंदू धर्म नहीं, तो इस्लाम अपना लो।

### बंगाल भाजपा के संगठन में बदलाव

## शाह ने संभाली जिम्मेदारी नई कोर कमेटी गठित की



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने संगठन में बड़ा बदलाव कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए 2022 में बनी 24 सदस्यों वाली कोर कमेटी को खत्म कर दिया है।

अब 14 सदस्यों वाली नई कोर कमेटी और 15 सदस्यों वाली चुनाव कमेटी गठित कर दी है। नई कोर कमेटी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम भी शामिल है। शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक दिन के दौरे के लिए कोलकाता में हैं। एमजी रोड गुरुद्वारा और कालीघाट मंदिर के दर्शन करने के बाद इन दोनों नेताओं ने राज्य के नेताओं के साथ एक अहम बैठक की।

नई चुनाव कमेटी के सदस्यों में शाह और नड्डा का नाम भी शामिल है। इसके अलावा सुकांता मजूमदार, सुवेंदु अधिकारी, राहुल सिन्हा, आशा लकरा, सतीश धन, मंगल पांडेय, अमित मालवीय, लॉकेट चटर्जी, दिलीप घोष, अमित्व चक्रवर्ती और चार महासचिव को जगह दी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109